

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 12 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-105 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### केदार कश्यप को मिला संसदीय कार्य मंत्री का प्रभार

**रायपुर,12 जुलाई।** वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप को संसदीय कार्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. नई जिम्मेदारी पर मंत्री ने सदन में पक्ष-विपक्ष को साथ लेकर चलने की बात कही. मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अतिरिक्त प्रभार मुझे सौंपा है. विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में सदन की कार्यवाही को गति प्रदान करूंगा. संयुक्त रूप में अपना पक्ष रखूंगा. विपक्ष के साथी, नेता प्रतिपक्ष, सभी के साथ मिलकर प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत में अपनी बात रखेंगे. अनेक विषय आएंगे, सरकार की ओर से उसका जवाब दूंगा. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ पूरे मंत्रिमंडल के अयोध्या प्रवास और रामलला के दर्शन पर केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों का वहां जाना तय हुआ है. समय क्या रहेगा, यह तय होगा. राम मंदिर दर्शन योजना से पहले से है. लोगों को दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो ही रहा है.

### राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन 29 अगस्त को

**रायपुर,12 जुलाई।** राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन 29 अगस्त को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा. राज्य खेल अलंकरण 2021-22 और 2022-23 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई थी. जानकारी के अनुसार, प्रदेश भर से 1108 खिलाड़ियों ने आवेदन किया है. इनमें से 492 खिलाड़ियों ने 2021-22 के लिए और 616 खिलाड़ियों ने 2022-23 के लिए आवेदन किया है.

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की बिगड़ी तबीयत

**नई दिल्ली,12 जुलाई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की आज सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है। रक्षा मंत्री को फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। सूत्रों के अनुसार बैक पेन की शिकायत के बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया. फिलहाल उनकी स्थिति बेहतर है। बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 10 जुलाई 2024 को अपना 73वां जन्मदिन मनाया था। देश के तमाम नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी थी।

### 8 हाईकोर्ट को मिलेंगे नए चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली,12 जुलाई।** देश के 8 अलग-अलग हाईकोर्ट में नए चीफ जस्टिसों की नियुक्ति की सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने सिफारिश की है. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, जम्मू-कश्मीर और मध्य प्रदेश, केरल, लद्दाख,मेघालय और मद्रास हाईकोर्ट के लिए चीफ जस्टिस के नाम की सिफारिश की है. केंद्र सरकार से मंजूरी मिलती ही इनकी नियुक्ति की राह साफ हो जाएगी. भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की कॉलेजियम द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया. न्यायमूर्ति मनमोहन को दिल्ली हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने का प्रस्ताव किया गया है. वे वर्तमान में दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस हैं. न्यायमूर्ति एम एस रामचंद्र राव को वर्तमान चीफ जस्टिस डॉ. बी आर सारंगी के 19.7.2024 को सेवानिवृत्त होने पर झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में ट्रांसफर करने का प्रस्ताव है. वर्तमान में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश हैं. दिल्ली हाईकोर्ट के जज न्यायमूर्ति राजीव शकधर को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की गई है. दिल्ली हाईकोर्ट के एक और जज न्यायमूर्ति सुरेश कैत को जम्मू और कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की गई है. पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के जज न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की गई है. बॉम्बे हाईकोर्ट के जज न्यायमूर्ति नितिन जामदार को केरल हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश कॉलेजियम के द्वारा की गई है.

### दोहरे हत्याकांड का 24 घंटे के भीतर खुलासा

# छोटे बेटे ने उतारा था मां और भाई को मौत के घाट

**जगदलपुर,12 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है. जगदलपुर के अनुपमा चौक



स्थित एक घर में मां और बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी. इस हत्या के पीछे कोई बाहरी व्यक्ति नहीं बल्कि घटना में घायल हुए छोटे बेटे नितेश गुप्ता का हाथ है. उसने ही इस खौफ्नाक हत्या की और पुलिस को गुमराह करने के लिए डकैती की कहानी गढ़ डाली.

हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसपी सलभ सिन्हा ने बताया कि घटना के बाद जब पुलिस घायल नितेश गुप्ता का बयान ले रही थी तो बार-बार उसने अलग-अलग बयान दिया, जिससे उसका बयान मैच नहीं होने से पुलिस ने उसे संदेह में रखा था. जिसके बाद पुलिस की गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और आसपास के लोगों से पूछताछ कर पुख्ता जानकारी हासिल की. उसके बाद फिर से पुलिस ने जब नितेश गुप्ता से पूछताछ किया तो उसने अपना जुर्म कबूल किया. उसने बताया कि कुछ दिनों से दोनों भाइयों के बीच मे संबंध अच्छे नहीं चल रहे थे, लगातार लड़ाई-झगड़े होते रहते थे. जिसमें शादी और प्रोपर्टी को लेकर दोनों के बीच विवाद होता रहता था. 11 जुलाई की रात भी वे घर में सो रहे थे तो दोनों भाई के बीच झड़प हुई और आवेश में आकर नितेश ने तवा उठाकर अपने बड़े भाई पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया. दोनों भाइयों के विवाद के बीच में मां भी उन्हें शांत कराने आई तो मां के ऊपर भी छोटे बेटे ने बर्तन से हमला कर घायल कर दिया. उसके बाद लहूलुहान पड़े बड़े भाई और मां की रस्सी से गला घोंटकर नितेश ने हत्या कर दी. हत्या के बाद अपने आप को बचाने के लिए उसने डकैती जैसी माहौल क्रिएट कर खुद को रस्सी से बांधा और पुलिस को गुमराह करने के लिए कहानी बनाई.

गुप्ता परिवार के दोहरे हत्याकांड में घायल छोटे बेटे नितेश गुप्ता का अस्पताल में घटना के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था. घायल नितेश की स्थिति बेहतर होने पर पुलिस ने जब उसका बयान लिया तो उसने शुरूआती बयान में बताया है कि देर रात चार लोग घर में घुसे हुए थे, और उनके मकान से लगे त्रिशला ज्वेलर्स में दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे. इसी दौरान घायल युवक की नींद खुली और उसके जोर से चिल्लाने पर चारों ने मिलकर उसे बांध दिया और पीटा. इस बीच घायल की अवाज से मां और बड़ा भाई नीलेश भी जाग गए और उसके कमरे में पहुंच गए. इस दौरान कमरे में खड़े हमलावरों ने दोनों को हथौड़े से हमला दर दिया. जिससे उसकी मौत और बड़े भाई की मौत हो गई.



# मितानिन प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में अंतरण

**रायपुर,12 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की मितानिनों को प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में भुगतान किए जाने की व्यवस्था का शुभारंभ किया, अब सीधे बैंक खातों में प्रोत्साहन राशि अंतरित किया गया। राज्य स्तर से मितानिनों को प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में भुगतान पारदर्शी प्रशासन की ओर छत्तीसगढ़ सरकार का एक और कदम है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में प्रोत्साहन राशि के सीधे बैंक खाते में अंतरण का यह कार्यक्रम आज रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मितानिनों के खाते में 90 करोड़ 8 लाख 84 हजार 20 रुपए का अंतरण हुआ। 69607 मितानिन बहनें, 3448 मितानिन प्रशिक्षक, 289 ब्लॉक समन्वयक, 176 स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, 26 शहरी क्षेत्र समन्यवक, 285 मितानिन हेल्प डेस्क समन्वयक को राज्य स्तर से एक साथ भुगतान किया गया। उप मुख्यमंत्री अरूण साव तथा विजय शर्मा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया । इस अवसर पर मनेन्द्रगढ़ के मितानिनों बहनों ने शासकीय उच्चतम माध्यमिक कन्या विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा व अपनी खुशी जाहिर की इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुरेश कुमार तिवारी ने सभी मितानिनों को बधाई दी। डीपीएम डॉ. पुष्पेंद्र सोनी, मितानिनों के नोडल अधिकारी मेन्द्र मण्डल, भास्कर निराला उपस्थित थे ।

## ट्रेलर ने कार को मारी टक्कर,6 घायल

**बेमेतरा, बिलासपुर,12 जुलाई।** छत्तीसगढ़ दो अलग-अलग जिलों में सड़क हादसा हुआ है. पहली घटना बेमेतरा जिले में हुई है. राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुबह-सुबह तेज रफ्तार ट्रेलर ने कार को जबरदस्त ठोकर मार दी. टक्कर इतना जोरदार था कि कार के परखच्चे उड़ गए. इस हादसे में कार सवार 6 लोग घायल हो गए हैं. जिसमें 4 की हालत नाजुक बताई जा रही है. दूसरी घटना बिलासपुर की है. रेत से भरे ट्रक ने बाइक सवार को ठोकर मार दी. घटना में बाइक चालक और पीछे बैठा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है. यह मामला कोनी थाना क्षेत्र के कछार गांव का है.

बेमेतरा से सुबह-सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम वेतर के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने कार को ठोकर मार दी. हादसे में कार सवार 6 लोग घायल हो गए हैं. टक्कर इतना जोरदार था कि कार के परखच्चे उड़ गए. घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया. जहां सभी का इलाज जारी है. वहीं दुर्घटना में घायल चार लोगों की हालत चिंताजनक है. जिन्हें बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया है. कार सवार सभी लोग कबीरधाम जिले के ग्राम घोटिया के निवासी बताए जा रहे हैं. बिलासपुर के कोनी थाना क्षेत्र के कछार गांव में एक रेत से भरे ट्रक ने बाइक सवार ग्रामीण को ठोकर मार दी. घटना में बाइक चालक और पीछे बैठा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए. क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की वजह से आये दिन एक्सीडेंट के मामले बढ़ रहे हैं. ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी खनिज विभाग कोई एक्शन नहीं ले रहा है.

# यातायात नियमों का पालन देता है सुरक्षित यात्रा की गारंटी: साय

### मुख्यमंत्री ने डीजीपी को सौंपी इंटरसेप्टर वाहनों की चाबी



**रायपुर, 12 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सिस्टम को हाईटेक कर हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने आज अपने आवास से 15 नए इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते हुए यातायात नियमों का पालन सुरक्षित यात्रा की गारंटी देता है और इससे अन्य वाहन चालकों में भी सुरक्षा का भाव पैदा होता है। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, विधायक श्री अनुज शर्मा और पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा सही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वाहनों की उपयोगिता और तकनीकी विशेषताओं की जानकारी भी ली।

नियमों का पालन करने से सड़कों पर अनुशासन और व्यवस्था बनी रहती है, जिससे अव्यवस्था की स्थिति से बचा जा सकता है। गंतव्य तक की यात्रा सुखद और सुरक्षित अनुभव के साथ पूरी होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नए इंटरसेप्टर वाहनों से नियमों का पालन न करने वालों पर निगरानी रखी जाएगी। हमारा उद्देश्य चालान वसूलना नहीं बल्कि लोगों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक व सचेत करना है।

# आरएसएस मानहानि मामले में राहुल गांधी को बड़ी राहत

**नई दिल्ली,12 जुलाई।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को राहत देते हुए, बॉम्बे हाई कोर्ट ने शुक्रवार को भिवंडी अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यकर्ता द्वारा पूर्व कांग्रेस प्रमुख के खिलाफदायर आपराधिक मानहानि मामले में सबूत के रूप में कुछ अतिरिक्त दस्तावेजों की अनुमति दी गई थी। पूर्व कांग्रेस प्रमुख के खिलाफ मामले में आदेश न्यायमूर्ति पृथ्वीराज के चव्हाण ने पारित किया। गांधी ने एक याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि ट्रायल कोर्ट ने आरएसएस पदाधिकारी राजेश कुंटे को कुछ दस्तावेज देर से पेश करने की अनुमति दी थी। हाई कोर्ट ने कहा कि आक्षेपित आदेश को रद्द किया जाता है और अलग रखा जाता है। मजिस्ट्रेट अदालत को कानून के अनुसार मुकदमे को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया जाता है और पार्टियों से अपेक्षा की जाती है कि वे मामले को शीघ्रता से निपटाने में सहयोग करें। 3 जून को, ठाणे की भिवंडी मजिस्ट्रेट अदालत ने आरएसएस पदाधिकारी द्वारा प्रस्तुत कुछ दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर ले लिया, जो



रायबरेली के सांसद के खिलाफ मामले में शिकायतकर्ता हैं। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने कथित मानहानिकारक बयान की प्रतिलेख को साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया, जो मानहानि मुकदमे के आधार के रूप में कार्य किया। इसे गांधी द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि मजिस्ट्रेट का आदेश उसी मानहानि की शिकायत से संबंधित कुंटे द्वारा दायर एक अन्य याचिका में उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के आदेश का उल्लंघन था। 2021 में, एकल-न्यायाधीश न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे ने आरएसएस पदाधिकारी द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया।

### फर्जी पुलिस बनकर वसूली,गिरफ्तार

**बालोद,12 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में पुलिस ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है जो फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लोगों से वसूली कर रहा था. बताया जा रहा है कि आरोपी अपने पिता की वर्दी पहने अपनी फोटो दिखाकर अवैध उगाही करने पहुंचा तभी उसका सामना असली पुलिस से हो गया. पुलिस जांच में आरोपी के दो और अपराधों का राज सामने आया है. दरअसल, बालोद जिला के गुण्डरदेही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पैरी में एक युवक अपने आप को पुलिस बताकर रेड कार्रवाई के नाम पर ग्रामीण से अवैध उगाई करने पहुंचा था. इस बीच ग्रामीणों को जब संदेह हुआ तो उन्होंने युवक को घेर लिया अपने आप को फंसता देख युवक बालोद सिटी थाना प्रभारी को फोन कर यह कहने लगा कि सर मैं रेड कार्रवाई करने आया हूं।

# बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था के विरोध में 24 को विधानसभा का घेराव : दीपक बैज

**रायपुर,12 जुलाई।** प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि राज्य की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था से प्रदेश का हर नागरिक परेशान है। महिलायें, व्यापारी, आम आदमी सभी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे है। स्थितियां इतनी भयावह हो चुकी है कि कलेक्टर, एसपी कार्यालय जलाये जा रहे है। सरेआम लोगों की हत्यायें हो रही राज्य के हालात असहनीय हो चुके है। जबसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है। नागरिको को भय के माहौल जीवन जीना पड़ रहा है। अपराधी बेलगाम हो गये है। साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है।6 माह में राज्य में 300 से अधिक बलात्कार, 80 सामूहिक बलात्कार, 200 से अधिक हत्यायें। चाकूबाजी, लूट, डकैती, चेन स्नेचिंग की अनगिनत घटनायें हो चुकी है। राजधानी में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके है कि अपराधी बिना किसी वाहन के पैदल चल कर चैन खींच कर भाग जाते है। राजधानी में थाने में चाकू मार दिया जाता है पुलिस असहाय हो गयी है। नक्सलवादी घटनायें 6 माह में बढ़ गयी। राज्य में रोज 3 बलात्कार की घटना हो रही, हर दो दिन में एक सामूहिक दुराचार की घटना हो रही है।रोज समाचारों में प्रदेश भर में तीन से चार मासूम अबोध बच्चियों के साथ तथा सामूहिक दुराचार की घटनाओं की खबरे सामने आ रही। राजधानी से लगे आरंग में मॉब लीचिंग में तीन लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी जाती है। सरकार अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने के बजाये उनको संरक्षण देने में लगी है। हत्यारों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने के बजाय सरकार सदोष मानव वध का मुकदमा दर्ज करवाया है ताकि अपराधियों को बचाया जा सके। बैगा जनजाति के पूरे परिवार को जला कर मार डाला गया। महिलाओं बच्चियों को बहला फुसला कर प्रदेश के बाहर ले जाया जाता है राजनांदगांव के स्टेशन में 21 महिलाओं बच्चियों को तस्कर ले जा रहे थे जिन्हें रोका गया लेकिन अपराधियों के सत्तारूढ़ दल के लोगों से संबंध थे, वे थाने से छोड़ दिये गये।जगदलपुर में तीन दिन में चार हत्यायें हो गयी। मां, बेटे को एक साथ मार डाला गया।


### छत्तीसगढ़ में ओलंपिक खेलों की संभावना के अंतर्गत: तैराकी

jasclaudius@gmail.com

# प्रति वर्ष विश्व स्तर पर हैं 100 पदक, तैयार करें तैराक

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुए 25 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। इस दौरान अनेक उपलब्धियां छत्तीसढ़ के कृषि, वैज्ञानिक, खनिज संसाधन, चिकित्सा सुविधा, शैक्षणिक, सड़क परिवहन,ग्राम विकास आदि क्षेत्र में प्रगति हुई है। कई बार राष्ट्रीय पुरस्कार छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र सरकार द्वारा दिये गये हैं। लेकिन हमारे राज्य ने अब तक खेलकूद की दुनिया विशेषकर ओलंपिक खेलों के अंतर्गत कोर गेम्स में कोई उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त नहीं की किया है। अतः अब समय आ गया है जब हमें इस क्षेत्र में भी सही कदम उठाना होगा। इस विषय पर पहले आलेख में एथलेटिक्स खेलों के कुछ इवेंट में छत्तीसगढ़ के किशोरों, युवाओं पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया गया था। इस विषय के दूसरे आलेख में अब तैराकी के महत्व को दर्शाते हुए हमारे प्रदेश में इस खेल को आगे बढ़ाने के बारे में जानकारी हासिल करेंगे। जलक्रीड़ा के अंतर्गत ओलंपिक खेलों में तैराकी के इवेंट, डायविंग, सिंक्रनाइज तैराकी, वाटर पोलो तथा मैराथन तैराकी के इवेंट आते हैं। हम यहां पर जलक्रीड़ा खेल के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के लिए तैराकी के विभिन्न इवेंट की चर्चा



करेंगे। सबसे पहले हम आपको बता दें कि तैराकी के महिला, पुरुष वर्ग में बटरफ्लाई, फ्री स्टाईल, ब्रेस्टस्ट्रोक तथा बैकटस्ट्रोक कुल चार वर्ग होते हैं। इसमें सभी वर्गों में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 4×100 मीटर रिले, 4×200 मीटर रिले, फ्री स्टाइल, 1500 मीटर, 50 मीटर फ्री स्टाईल 4×100 मी मिडले रिले, मिश्रत 4×100 मीटर मिडले तथा मैराथन तैराकी के इवेंट होते हैं। इस प्रकार तैराकी में करीब 25 इवेंट होते हैं। अतः कुल पदकों की संख्या सिर्फ तैराकी के विभिन्न इवेंट में 35 स्वर्ण, 35 रजत, 35 कांस्य याने 105 पदकों का फैसला होता है। अर्थात् तैराकी के खेल में पदक विजेता होने की अपार संभावना बनती है। सिर्फ ओलंपिक खेलों में ही नहीं बल्कि तैराकी में इसी तरह एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, विश्व तैराकी चैंपियनशिप, एशियाई तैराकी चैंपियनशिप मिलाकर कम से कम पांच बड़ी प्रतिष्ठापूर्ण चैंपियनशिप होती है जिसमें करीब 500पदक दांव पर लगते हैं। अतः छत्तीसगढ़ में तैराकी के खेल को गंभीरता से लेना चाहिए। हमारे प्रदेश के लगभग सभी गांव में तालाब हैं। प्रदेश में किसी भी तरह हम आते जाते हैं तो गांवों, कस्बों, शहरों के दोनों तरफ तालाबों में बच्चों, किशोरों तथा युवाओं को स्नान करते, तैरते हुए देखते हैं। कभी कभी तालाबों को इधर से उधर पार करने की शर्त लगती है। युवाओं के बीच तैराकी में मुकाबला होता है। कहने का तात्पर्य यह है कि छत्तीसगढ़ के तैराक पानी फोबिया से पीड़ित नहीं है इसका प्रमाण पिछले 25 वर्षों में ऐसी कोई घटना प्रकाश में नहीं आई है कि तालाब में तैरते-तैरते या नहाते समय किसी की मृत्यु हो गई हो। स्पष्ट है कि हमारे प्रदेश के लोग पानी के प्रति जागरूक हैं तथा तैरने के उत्सुक हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में बड़े-बड़े बांध भी है जहां पर 1500 मीटर तक तैर सकते हैं। हमारे प्रदेश के खेल के कर्णधारों को तैराकी में और सुविधा देने के बारे में गंभीरता से सोचना होगा। गर्व की बात है कि हमारे प्रदेश के ग्रामीण इलाके के अधिकांश लोगों को तैरना आता है परंतु जब तक उन्हें प्रशिक्षित नहीं किया जायेगा कब तक वे किसी स्पर्धा के लिए तैयार नहीं हो सकते हैं। रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का तरणताल है इसका सदुपयोग जरूरी है। एक एनआईएस कोच की नियुक्ति करना चाहिए, खेल विभाग को तैराक तैयार करने में कोई कठिनाई नहीं होगी प्रत्येक वर्ष 100 विश्वस्तरीय पदक तैराकी में दांव में लगते हैं। अतः तैराकी को बढ़ाया दिया जाना चाहिए।

## 'मुझसे मिलना है तो आधार कार्ड लेकर आएं'

### सांसद कंगना रनौत का अपना नियम

**नई दिल्ली,12 जुलाई।** बॉलीवुड अभिनेत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद कंगना रनौत ने अपने मंडी निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से उनसे मिलने के लिए आधार कार्ड साथ लाने को कहकर विवाद खड़ा कर दिया है। अभिनेत्री ने उनसे मिलने के इच्छुक लोगों से एक कागज पर मुलाकात का उद्देश्य लिखने को भी कहा है। रणौत ने कहा कि उनके कार्यालय में बड़ी संख्या में पर्यटकों और बाहरी लोगों के आने के कारण वह यह नियम लागू कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वह मंडी में अपने प्रवास के दौरान एक निर्दिष्ट संवाद केंद्र में आगंतुकों से मिलने के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगी - हिमाचल प्रदेश की वह सीट जिसका वह लोकसभा में प्रतिनिधित्व करती हैं। रणौत ने मंडी की अपनी यात्रा के दौरान संवाददाताओं से कहा, हिमाचल प्रदेश में बहुत सारे पर्यटक आते हैं, इसलिए मंडी क्षेत्र का आधार कार्ड होना जरूरी है। निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित आपके काम का विवरण भी पत्र में लिखा होना चाहिए ताकि आपको असुविधा का सामना न करना पड़े। 11 जुलाई को एक सार्वजनिक बातचीत के दौरान, रनौत ने कहा कि एक सांसद के रूप में उनकी भूमिका स्थानीय पंचायत या विधानसभा मामलों के



बजाय राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों को संबोधित करना है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे उनके पास केवल उन्हीं समस्याओं को लेकर आएं जो एक सांसद के रूप में उनके दायरे में आती हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनके प्रयास व्यापक और अधिक प्रभावशाली मुद्दों की ओर निर्देशित हों। रानौत के अनोखे फरमान से राजनीतिक विवाद छिड़ गया। कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह ने कंगना रनौत पर कड़ा प्रहार किया है। सिंह ने कहा, ÷एक जनप्रतिनिधि के लिए अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों से यह कहना उचित नहीं है कि अगर वे उनसे मिलना चाहते हैं तो उन्हें अपना आधार कार्ड साथ लाना होगा।

# प्रकृति को हरा भरा बनाने एक पेड़ मां के नाम लगाना जरुरी:उपमुख्यमंत्री

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,12 जुलाई।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज एक-पेड़ माँ-के-नाम अभियान का शुभारंभ कवर्धा वनमंडल से किया। उपमुख्यमंत्री सहित जिले के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, स्काऊट गाईड के सदस्य, हरितिमा ग्रुप के सदस्य सहित अधिकारियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर कवर्धा वन मंडल में एक-पेड़-माँ-के-नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने निःशुल्क पौधा वितरण के लिए स्ट्राईक फोर्स वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रकृति को हरा भरा बनाना है, एक पेड़ मां के नाम लगाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक-पेड़ माँ-के-नाम प्रारंभ किया गया है। जो मूलतः वृक्षारोपण अभियान है। इस अभियान के तहत् देश



में सितंबर 2024 तक 80 करोड़ एवं मार्च, 2025 तक 140 करोड़ वृक्षों के रोपण का लक्ष्य प्रस्तावित है। भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा इसके लिए उमतपसपमिण्दपबण्पद नामक वेबपोर्टल तैयार किया गया है, जिसमें अभियान संबंधी जानकारी की नियमित प्रविष्टि की जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि कि निःशुल्क पौधा प्राप्त करने के लिए विभाग द्वार क्यू.आर. कोड जारी किए गए है। जिससे स्कैन करके पौधा प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही 03 सम्पर्क नंबर भी जारी किया है। जिसमें सोमवार से शुक्रवार तक पौधा के लिए मांग किया जाएगा तथा शनिवार एवं रविवार को पौधा वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी, अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी , कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, वन मंडलाधिकारी शशिकुमार सिंह सहित स्काऊट गाईड, हरितिमा ग्रुप के सदस्य, गणमान्य नागरिक, क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



## तोड़ा जा रहा अनुपयोगी कोसा नाला टोल प्लाजा, 25 करोड़ की लागत से सर्विस लेन को चौड़ा किया जाएगा

**भिलाई, 12 जुलाई।** नेशनल हाईवे पर कोसा नाला टोल प्लाजा की अनुपयोगिता तथा टोल प्लाजा की वजह से सर्विस लेन दोनों तरफ न होने पर सुचारू यातायात में अड़चन बने टोल प्लाजा को तोड़ने का निर्णय वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की पहल पर लिया गया और संबंधित अधिकारियों ने विधायक के साथ निरीक्षण कर उनके निर्देश पर इसका प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था नतीजतन आज स्वीकृति मिलते ही टोल प्लाजा डिस्मेंटल वर्क शुरू हो गया है। अब जल्द इस स्थान की संकरी सड़कें अपने विस्तृत स्वरूप में आवागमन को और भी सुगम और सुचारू बनाने मददगार साबित होंगी। आपको बता दें कि कुछ माह पूर्व नेशनल हाईवे के सब इंजीनियर जयंत वर्मा और ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर के साथ विधायक रिकेश सेन ने टोल प्लाजा स्थल का निरीक्षण कर जल्द टोल नाका तोड़ कर हटाने और एनएच से लगी सर्विस रोड या दोपहिया वाहन के लिए अन्य वैकल्पिक व्यवस्था करने प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया था। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि कोसा नाला टोल प्लाजा तोड़ने के बाद इस स्थान पर 22 से 25 करोड़ के लगभग राशि खर्च कर सर्विस लेन को चौड़ा किया जाएगा। टोल प्लाजा हटने से सर्विस लेन के लिए पर्याप्त जगह तैयार कर चौड़ीकरण करेंगे और यातायात और ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करेंगे।

## एक नजर

### बसुला से पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ हमला



**भिलाई, 12 जुलाई।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र शराब पीने के लिए पैसे चुराने की बात पर रात को एक बुजुर्ग दंपती के बीच विवाद हुआ विवाद बढ़ने के बाद देर रात को आरोपित ने बसुला से पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ वार किया महिला के चीखने की आवाज सुनकर उसकी बहू कमरे से बाहर निकली और सास को बचाने का प्रयास किया तो आरोपित ने उसे भी मारने की कोशिश की बहू ने पड़ोसियों की मदद से सास को बचाया और अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर है। वहीं बहू की शिकायत पर ससुर के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी कर गिरफ्तार कर जेल भेजा है छावनी पुलिस ने बताया कि नेहरू चौक कैंप-एक निवासी शिकायतकर्ता रेवती जामुलकर की शिकायत पर उसके ससुर राधेश्याम जामुलकर (67 साल ) के खिलाफ प्राथमिकी की गई है शिकायतकर्ता का पति भरत लाल जामुलकर ड्राइवर है और वह अधिकांश घर से बाहर ही रहता है वह अपनी सास उत्तरा बाई, ससुर राधेश्याम जामुलकर और बच्चों के साथ घर पर रहती है रेवती का ससुर शराब पीने का आदी है आरोपित ने शराब पीने के लिए घर से रुपये निकाल लिए थे इसी बात को लेकर उसकी सास और ससुर के बीच विवाद शुरू हुआ था रात को उसने दोनों के बीच के विवाद को शांत कराया परिवार के सभी लोगों ने एक साथ खाना खाया रेवती बच्चों के साथ अपने कमरे में सोने के लिए चली गई देर रात करीब दो से तीन बजे के बीच उसकी सास के चीखने चिल्लाने की आवाज आई तो रेवती कमरे से बाहर निकलकर गई और देखा तो ससुर राधेश्याम जामुलकर बसुला से सास के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर रहा था उसने बचाने की कोशिश की तो आरोपित ने उसे भी मारने के लिए दौड़ाया इसके बाद रेवती ने मदद के लिए पड़ोसी को बुलाया और सास की जान बचाई उत्तरा बाई को गंभीर हालत में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया है

### ट्रक चालक की दो लोगों ने की पिटाई बिना किसी कारण

**भिलाई, 12 जुलाई।** भिलाई दुर्ग रेलवे स्टेशन पर स्थित गोदाम में ट्रक चलाने वाले चालक के साथ दो आरोपियों ने बिना किसी कारण मारपीट की प्रार्थी की शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में जुटी हुई है जानकारी के मुताबिक प्रार्थी पंचम दास मानिकपुरी गोदाम नंबर 8 रेलवे स्टेशन में रहता है, वह ट्रक चलाने का काम करता है 10 जुलाई की शाम को वह दुर्ग यूनियन कार्यालय बोगदा पुलिया के पास था इसी दौरान बिना किसी कारण के आरोपी टेंपो एवं राजा ने प्रार्थी से गाली गलौज करना प्रारंभ कर दिया जब प्रार्थी ने मना किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की ।

### महिला स्टाफ से दुर्व्यवहार करने पर होगी सख्त कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यरत महिला अधिकारी/कर्मचारियो के साथ किसी प्रकार का भेद भाव या अन्य किसी प्रकार की अव्यवहारिक गतिविधि न हो। इसके लिए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने समिति का गठन किया है। नगर निगम भिलाई में कार्यरत सभी महिला स्टाफ के साथ अगर किसी प्रकार का दुर्व्यवहार अधिकारियो, कर्मचारियो, जनप्रतिनिधियो या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है। संबंधित महिला कर्मचारी लिखित में आवेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगी । समिति दोनों पक्षों की बातों को सुनेगी तत्पश्चात उचित निर्णय लेगी। समिति गठन करने का उद्देश्य यही है किसी के साथ भेदभाव ना हो, किसी प्रकार का महिला उत्पीडन् ना हो, सबको समान अधिकार मिले। उसके खिलाफ सुनवाई हेतु निगम के शिकायत समिति के समक्ष आवेदन कर सकती है। समिति द्वारा सर्व सम्मति से लिए गये निर्णय के अनुसार पीड़ित पक्षकार के हित में फैसला लिया जायेगा, जो सब को मान्य होगा। शासन के आदेश क्रं./एफ-109/1/सा.प्र.वि./विविध/2024/285 भिलाई, 10.07.2024 के अनुसार गठित समिति में अध्यक्ष सुश्री दीप्ति साहू, सचिव श्रीमती रीता चतुर्वेदी, सदस्य श्रीमती चंचल शर्मा, श्रीमती रीमा जामुलकर, श्रीमती शोभा चौबे, श्रीमती अपर्णा क्षीरसागर, श्रीमती नीतिलता विश्वकर्मा, श्रीमती प्रियंका राव, सुश्री लक्ष्मी, श्रीमती नसीमा बेगम, श्रीमती चंद्रकला देशमुख, श्रीमती शानु मोहनन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति की बराबर बैठक होगी । आयुक्त ने सभी से अपील की है कि महिलाओं का सम्मान करें, उनसे अच्छी तरह से बात करें। किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

### बार एंड रॉड मिल ने टीएमटी बार रोलिंग में बनाया नया दैनिक कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एंड रॉड मिल बीआरएम ने 10 मिमी व्यास में टीएमटी बार की रोलिंग में एक नया दैनिक रिकॉर्ड स्थापित किया है। 10 जुलाई 2024 को मिल ने टीएमटी 10 एमएम में 2589 टन की रोलिंग कर, 07 जुलाई को टीएमटी 10 एमएम में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 2579 टन को पार किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक वर्क्स अंजनी कुमार तथा संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने टीएमटी 10 एमएम के रोलिंग में नए रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए बीआरएम और सहयोगी एजेंसियों की टीम को बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कि 07 जुलाई को बीआरएम ने टीएमटी 10 एमएम में 2579 टन टीएमटी बार की रोलिंग कर, 25 सितंबर 2023 को टीएमटी 10 एमएम में रोल किए गए 2562 टन के पिछले रिकॉर्ड को पार किया था।

## संतोष राय इंस्टीट्यूट में बीकॉम एवं सीए सीएमए इंटर की कक्षाएं प्रारंभ

**भिलाई, 12 जुलाई।** बी. कॉम की परीक्षा में शानदार परीक्षा परिणाम देने वाली संस्था में बी. कॉम के घोषित परिणाम में बी. कॉम प्रथम वर्ष में 95 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष में 98 प्रतिशत और बी. कॉम अंतिम में 100 प्रतिशत छात्रों ने सफलता अर्जित की है। बी. कॉम प्रथम और द्वितीय ईयर में प्रवेश प्रारंभ है एवं बी. कॉम फाइनल ईयर की कक्षाएँ 10 जुलाई 2024 से प्रारंभ हो रही है। पुरे छत्तीसगढ़ में कामर्स के क्षेत्र में शानदार परीक्षा परिणाम देने वाली संस्था में न केवल साप्ताहिक टेस्ट होता है, वरन समय-समय पर कैरियर मार्गदर्शन एवं सेमीनार के माध्यम से छात्रों में जागरूकता लायी जाती है। संस्था में कॉमर्स के छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रोफेशनल शिक्षकों की एक सशक्त टीम हैं। जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. संतोष राय सर, डॉ. मिद्ध सी.ए. प्रवीण बाफना, सी.ए. केतन ठक्कर, डॉ. पियूष जोशी, सी.एम.ए. अदिति गंगवानी, मिस अविनाश कौर, डॉ. अमित श्रीवास्ताव, इंजीनीयर अमित बॉफना, सी.ए. विक्रांत रघुवंशी जैसी सशक्त टीम हैं। स्वयं डॉ. संतोष राय आज भी प्रतिदिन 11 से 12 घंटे की मैराथन क्लास लेते है। संस्था में सी.ए. सी.एम.ए. / परसनाल्टी डेवलपमेंट / कक्षा ग्यारहवी एवं बारहवी की कक्षाएँ संचालित होती है। संस्था के डॉ. संतोष राय ने चर्चा के दौरान बताया कि किसी भी छात्र में प्रतिभा की कमी नही होती वरन उसे मार्गदर्शन की जरूरत होती है।

## ललित ने उतई मंडल के विभिन्न स्कूलों में की विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति

**उतई, 12 जुलाई।** छत्तसीगढ़ में सरकार बनते ही कांग्रेस सरकार में राजनीतिक नियुक्तियों से इस्तीफा देने के बाद अब बीजेपी के द्वारा नियुक्तियां की जा रही है. ऐसे में अब सरकारी स्कूलों में विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है. यह नियुक्ति दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक ललित चंद्राकर ने की है।

### विधायक प्रतिनिधि की सूची

शा.पूर्व मा.शाला उतई ओमप्रकाश चंद्राकर,शा.प्राथ. शाला उतई राजकुमार यादव,शा.प्राथ.शाला उतई डिकेश साहू,शा.प्राथ.शाला उतई पीयूष गंभीर,शा.पूर्व मा.शाला घुघसीडीह संतोष सपहा,शा.प्रथा.शाला घुघसीडीह नरेंद्र चंद्राकर,शा.प्रथा.शाला.घासीदास नगर घुघसीडीह संजय बांधे,शा.पूर्व.मा.शाला मचांदुर बैशाखुराम साहू, शा.प्रथा.शाला.मचांदुर योगेश पटेल,शा.प्रोन्नत प्रथा.शाला मचांदुर भूषण साहू,शा.पूर्व.मा शाला पुरई श्रीमती हेमलता साहू,शा.प्रथा.शाला पुरई यशवंत यादव,,शा.प्रथा.शाला पुरई कोमल यादव,,शा.पूर्व.मा.शाला उमरपोटी छगन बंजारे,,शा.प्रथा.शाला उमरपोटी राजकुमार बांधे,,शा.पूर्व.मा.शाला करगाडीह करण सेन,शा.पूर्व.मा.शाला खोपली मोहन पटेल,शा.प्रथा.शाला खोपली पूरन देशलहरे,शा.प्रथा.शाला काशीडीह खोपली मंशा भारती,शा.पूर्व.मा.शाला मतवारी मंथीर साहू,शा.प्रथा.शाला मतवारी दीनबंधु साहू,शा.पूर्व.मा.शाला रिसामा मन्नू लाल साहू,शा.प्रथा.शाला रिसामा रामदास साहू,शा.प्रथा.शाला भाठापारा रिसामा सुरेश कुमार ढीमर,शा.पूर्व.मा.शाला चिरपोटी सोमनलाल साहू,शा.प्रथा.शाला



चिरपोटी हेमंत कुमार,शा.पूर्व.मा.शाला हनोदा दानेश्वर यादव,शा.प्रथा.शाला हनोदा दिनेश पटेल,शा.पूर्व.मा.शाला बोरिगरका राजेश कुमार गजपाल,शा.प्रथा. शाला बोरिगरका प्रीतम कुमार चंदेल,शा.प्रथा.शाला बोरीडीह दुलार सिंह गजपाल,शा.पूर्व. मा.शाला कोकड़ी जितेंद्र साहू,शा.प्रथा.शाला कोकड़ी अनिल साहू,शा.पूर्व.मा.शाला पाउवारा जंगलराम साहू,शा.प्रथा.शाला पाउवारा मोहनलाल साहू,शा.पूर्व मा.शाला धनोरा जितेंद्र टंडन,शा.प्रथा.शाला धनोरा भोजराम साहू,शा.पूर्व मा.शाला बालक कुथरेल अगराहिज निर्मलकर,शा.पूर्व. मा.शाला कन्या कुथरेल पिलाराम निर्मलकर,शा.प्रथा.शाला बालक कुथरेल नारायण यादव,शा.प्रथा.शाला कन्या कुथरेल घासीदास साहू,शा.पूर्व मा.शाला खम्हरिया रेखवंत लाल साहू,शा.प्रथा.शाला खम्हरिया सोमेश साहू,शा.पूर्व मा.शाला कोड़िया आनंद चंद्राकर,शा.प्रथा.शाला कोड़िया अजय सिंह पारकर,शा.पूर्व. मा.शाला भनपुरी प्रदीप कुमार देशमुख,शा.प्रथा.शाला भनपुरी चुरामण ठाकुर,शा.पूर्व.मा.शाला जजंगिरी मुरलीधर ठाकुर,शा.प्रथा.शाला आबादीपारा जजंगिरी कोमल साहू,शा.प्रथा.शाला जजंगिरी बीरेंद्र कुमार साहू,शा.पूर्व.मा.शाला चंदखुरी, संजय बघेल,शा.प्रथा.शाला चंदखुरी दुर्गेश साहू,शा.प्रथा.शाला भाठापारा चंदखुरी मनीष निर्मलकर,शा.पूर्व.मा.शाला अंडा बलदाउ चौहान,शा.प्रथा.शाला आबादी पारा अंडा यशवंत बंजारे,शा.प्रथा.शाला गाँधीभाठा लुकेश देवांगन,शा.प्रथा.शाला अंडा फेकू चंद्राकर,शा.पूर्व.मा.शाला कातरो शुभम सोनी,शा.प्रथा.शाला कातरो बसंत कुमार देवांगन,शा.प्रथा.शाला मातरोडीह गंगदेव साहू,शा.पूर्व. मा.शाला कोलिहापुरी गोपीराम साहू,शा.प्रथा.शाला कोलिहापुरी मीणा पारकर, शा.पूर्व.मा.शाला डुमरडीह चंद्रहास चेलक,शा.प्रथा.शाला डुमरडीह दीपक यादव, विधायक प्रतिनिधि घोषित होने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर हैं।

## घिनौने अपराधों को अंजाम देने वालों को पुलिस ने पहुंचाया सलाखों के भीतर

**कवर्धा,12 जुलाई।** कबीरधाम जिला के थाना कुकदुर में थाना क्षेत्र कि नाबालिक पीड़िता के परिजन पीड़िता के साथ थाना आकर लिखित शिकायत आवेदन पेश करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया गया। कि मेरी नाबालिक लडकी को पूर्व वर्ष 2023 में निलेश सोनवानी, कार्तिक राम सोनवानी, संतोष सोनवानी, नंदलाल सोनवानी व भगवती मरावी द्वारा हमारे संरक्षण से बहला फुसलाकर भगाकर ले गये थे। जहां आरोपी निलेश सोनवानी द्वारा 04 दिन तक जबरदस्ती अपने घर में मेरी नाबालिक लड़की को रखकर, अन्य आरोपीगण की संरक्षण में जबरदस्ती शारीरिक सम्बंध बनाता रहा। जिसके पश्चात दिनांक-08/07/2024 को पीड़िता को पुनः दैनिक कार्य हेतु जाते वक्त अकेला पाकर रात्रि का फायदा उठाकर खेत में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया है। कि रिपोर्ट पर थाना कुकदुर में आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध क्रमांक- 91/24 धारा 363,366,342,376(2)(ह) एवं 6 पास्को एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण नाबालिक बालिका संबंधी होने से थाना प्रभारी द्वारा तत्काल घटना की जानकारी जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को दिया गया। जिस पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कुकदुर निरीक्षक श्री व्यास नारायण चुरेंद्र द्वारा थाना स्तर पर टीम तैयार की गई।महिला अधिकारी उप. निरीक्षक ठगिया चंद्रवंशी द्वारा पीड़िता और उसकी माँ से अपराध के संबंध में पूछताछ कर विधिवत कार्यवाही की गई। जिसके पश्चात गठित पुलिस टीम द्वारा प्रकरण के आरोपी निलेश वगैरह की पता तलाश पर रवाना हुए जो पता तलाश कर आरोपीगण निलेश सोनवानी, संतोष सोनवानी, नंदलाल सोनवानी, कार्तिक राम सोनवानी, भगवती मरावी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। जो दिनांक- 04/12/2023 को निलेश और उसके परिवार वाले पीड़िता को निलेश से शादी कराने का प्रलोभन देकर मो. सा. पल्सर सी.जी. 09 जे.के. 8112 में बैठकर अपने घर भेदागढ़ ले गए, आरोपी निलेश सोनवानी द्वारा लगातार 3, 4 दिन तक पीड़िता के साथ मना करने के बाद भी जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था। जिसके पश्चात पीड़िता अपने माता-पिता के घर माता-पिता के संरक्षण में थी, तथा दिनांक-08/07/2024 को पीड़िता को खेत में अकेले पाकर मौके का फायदा उठाकर जबरदस्ती पुनः शारीरिक संबंध बनाया। आरोपियो द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी निलेश सोनवानी के द्वारा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल सी.जी. 09 जे.के. 8112 को विधिवत जप्त कर। आरोपीगण के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर विधिवत उचित वैधानिक कार्यवाही कर आरोपीगण- (1) निलेश सोनवानी पिता कार्तिक राम उम्र 19 साल (2) संतोष सोनवानी पिता नंदलाल सोनवानी उम्र 30 साल (3) भगवती उर्फ भगमती मरावी पिता संतोष सोनवानी उम्र 21 साल (4) कार्तिक राम पिता तोक सिंह सोनवानी उम्र 48 साल (5) नंदलाल पिता तोक सिंह सोनवानी उम्र 55 साल सभी निवासी ग्राम भेड़ागढ़ थाना कुकदुर जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार किया गया तथा ज्यूडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी कुकदुर निरीक्षक व्यसनारायण चुरेंद्र, उप. निरीक्षक ठगीया चंद्रवंशी, सहायक उप निरीक्षक शिवेंद्र मोहन उपाध्याय, दीपक शर्मा, प्रधान आर. ओंकार सिंह, आरक्षक विनोद चतुर्वेदी, संदीप पाण्डेय, सुनील नायक, दुजराम सिंद्राम, महिला आरक्षक राजमती, बिमला ध्रुवे, आरक्षक शिवचरण यादव का विशेष योगदान रहा।



## गांजा तस्करी के तीन आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 12 जुलाई।** भिलाई एसीसीयू और छावनी पुलिस की टीम ने अंतर्राज्यीय नशे के कारोबारियों पर शिकंजा कसा है। जगदलपुर से गांजा खरीदकर बिहार जाने से पहले पावर हाउस में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40.900 कि.ग्रा. गांजा एवं 03 नग मोबाइल बरामद किया गया है एएसपी ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति जिनकी उम्र 20-22 वर्ष है जो अपने पास अलग-अलग पिटू में गांजा रखकर पावर हाउस से रायपुर जाने होण्डा शो रूम पावर हाउस के पास खड़े हैं। सूचना पर एसीसीयू व छावनी पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा पूछताछ करने पर अपना नाम अजीत कुमार (22 ) वर्ष) निवासी ग्राम चतुर बागरा, बाबू बिशुनपुर, थाना यादोपुर जिला गोपालगंज, बिहार, दीपक कुमार सिंह (20वर्ष) निवासी ग्राम चतुर बागरा, बाबु बिशुनपुर, थाना यादोपुर जिला गोपालगंज, बिहार व बिगन अंसारी (24 वर्ष) निवासी ग्राम चतुर बागरा, बाबु बिशुनपुर, थाना यादोपुर जिला गोपालगंज, बिहार बताया। इनके पास रखे पिट्ठू की तलाशी लेने पर अजीत कुमार के पास रखे पिटू से 16.900 कि.ग्रा., दीपक कुमार के पास रखे पिटू से 12 कि.ग्रा. एवं विगन अंसारी के पास रखे पिट्ठू से 12 कि.ग्रा. मादक पदार्थ गांजा संयुक्त रूप से आरोपियों के कब्जे से कुल 40.900 कि.ग्रां मादक पदार्थ गांजा एवं 03 नग मोबाइल सहित करीब 4 लाख 17 हजार रूपए जब्त किया गया है ।

## जनसमस्या निवारण शिविर में 255 आवेदनों का निराकरण, विभागों के अधिकारी हुए शामिल

**दुर्ग, 12 जुलाई।** ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुनने, समझने और समाधान के लिए आज जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम दरबार मोखली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की गई। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में जिला प्रशासन के समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी सम्मलित हुए और विभाग को ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण किये। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 407 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 255 आवेदनों का निराकरण किया गया, शेष 152 आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। शिविर में विभिन्न विभागों के हितग्राही मूलक योजना से 37 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। सांसद विजय बघेल भी इस जिला स्तरीय शिविर में शिरकत किये। शिविर में कृषि, उद्यानकी, पशुपालन, मत्स्य, श्रम, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, सहकारिता, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कलेक्टर सुश्री चौधरी की मौजूदगी में विभागवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में आवेदकों को अवगत कराये। शिविर में जिला पंचायत के अधिकारियों ने जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने नारी शक्ति से जल शक्ति व जल मड़ाई के महत्व को प्रदर्शित किया। शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यापर्ण एवं समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सांसद विजय बघेल ने भी विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों से रू-ब-रू चर्चा तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। मुख्य अतिथि की आसंदी से शिविर के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए सांसद श्री विजय बघेल ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर सरकार के नए कार्यकाल में पुरानी व्यवस्था का पुनः शुरुवात है। जिले में विकासखंडवार हर पंद्रह दिनों में जिला प्रशासन द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा।

## भिलाई इस्पात संयंत्र ने एनएमडीसी स्टील प्लांट को की लाइम आपूर्ति

**भिलाई,12 जुलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने सेल में पहली बार किसी अन्य स्टील प्लांट को लाइम का विक्रय किया है। 8 जुलाई 2024 को जगदलपुर में एनएमडीसी के नगरनार स्टील प्लांट के लिए 20,000 टन लाइम की पहली खेप को कार्यपालक निदेशक वर्क्स अंजनी कुमार ने मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी आयरन तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी सेवाएं पी के सरकार की उपस्थिति में डोलो कैल्सीनेशन प्लांट एलडीसीपी के रिफ्रेक्टरी मटेरियल प्लांट-3 आरएमपी-3 से रवाना किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी आरएमपी-2 व 3 आर के मुखर्जी, महाप्रबंधक कॉन्ट्रैक्ट सेल-वर्क्स आई सेनगुप्ता, महाप्रबंधक रॉ-मटेरियल विभाग रंजन भारती, महाप्रबंधक मार्केटिंग जगन्नाथ, महाप्रबंधक सी एंड आईटी ए सचदेव, महाप्रबंधक सी एंड आईटी जे पी एस चैहान तथा महाप्रबंधक मैकेनिकल मेंटेनेंस-आरएमपी 3 सुशांत पाल उपस्थित थे। बीएसपी के मॉडेक्स कार्यक्रम के तहत जून 2018 में स्थापित रिफ्रेक्टरी मटेरियल प्लांट-3 एक नई और आधुनिक इकाई है। एनएमडीसी स्टील प्लांट को लाइम आपूर्ति के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने आरएमपी-3 बिरादरी को प्रेरित किया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी आयरन तापस दासगुप्ता के मार्गदर्शन में, एनएमडीसी के प्लांट को लाइम आपूर्ति करने की पहल से न केवल आरएमपी-3 में संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित होगा, बल्कि इससे संयंत्र को लाभ भी प्राप्त होगा। लाइम के अत्यधिक हाइड्रोस्कोपिक होने के कारण एनएमडीसी प्लांट को आपूर्ति किए गए लाइम की उचित पैकेजिंग का विशेष ध्यान रखा गया।

## कार्यरत महिला स्टाफ से दुर्व्यवहार करने पर होगी शक्त कार्रवाई

**भिलाईनगर, 12 जुलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यरत महिला अधिकारी/कर्मचारियो के साथ किसी प्रकार का भेद भाव या अन्य किसी प्रकार की अव्यवहारिक गतिविधि न हो। इसके लिए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने समिति का गठन किया है। नगर निगम भिलाई में कार्यरत सभी महिला स्टाफ के साथ अगर किसी प्रकार का दुर्व्यवहार अधिकारियो, कर्मचारियो, जनप्रतिनिधियो या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है। संबंधित महिला कर्मचारी लिखित में आवेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगी । समिति दोनों पक्षों की बातों को सुनेगी तत्पश्चात उचित निर्णय लेगी । समिति गठन करने का उद्देश्य यही है किसी के साथ भेदभाव ना हो, किसी प्रकार का महिला उत्पीड़न ना हो, सबको समान अधिकार मिले।

उसके खिलाफ सुनवाई हेतु निगम के शिकायत समिति के समक्ष आवेदन कर सकती है। समिति द्वारा सर्व सम्मति से लिए गये निर्णय के अनुसार पीड़ित पक्षकार के हित में फैसला लिया जायेगा, जो सब को मान्य होगा। शासन के आदेश क्रं./एफ-109/1/सा.प्र.वि./विविध/2024/285 भिलाई, दिनांक 10.07.2024 के अनुसार गठित समिति में अध्यक्ष सुश्री दीप्ति साहू, सचिव श्रीमती रीता चतुर्वेदी, सदस्य श्रीमती चंचल शर्मा, श्रीमती रीमा जामुलकर, श्रीमती शोभा चैबे, श्रीमती अपर्णा क्षीरसागर, श्रीमती नीतिलता विश्वकर्मा, श्रीमती प्रियंका राव, सुश्री लक्ष्मी, श्रीमती नसीमा बेगम, श्रीमती चंद्रकला देशमुख, श्रीमती शानु मोहनन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।समिति की बराबर बैठक होगी ।आयुक्त ने सभी से अपील की है कि महिलाओं का सम्मान करें, उनसे अच्छी तरह से बात करें। किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी । महापौर नीरज पाल ने महिला समिति के गठन का स्वागत किया है ।

**एक नजर**

## आयुक्त ने फुण्डहर गौठान का किया निरीक्षण

**रायपुर ,12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** विगत दिनों नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अविनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 9 के तहत फुण्डहर गौठान की व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन की गौ वंश हितकारी मंशा के अनुरूप उसके संभावित विस्तार की दृष्टि से किया। आयुक्त श्री अविनाश मिश्रा ने उपायुक्त श्री ए. के. हालदार, जोन 9 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय, जोन 6 जोन कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल, जोन 9 कार्यपालन अभियंता श्री के. के. शर्मा श्री संजय वर्मा, सहायक अभियंता श्री अंशुल शर्मा,स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री भोला तिवारी की उपस्थिति में किया। आयुक्त ने फुण्डहर गौठान में गौवंश के लिए पानी चारा, सफाई की व्यवस्था को देखा। जोन 9 जोन कमिश्नर ने आयुक्त को बताया कि फुण्डहर गौठान में वर्तमान में लगभग 225 गौवंश के मवेशीगण निवासरत हैं। आयुक्त ने जोन 9 जोन कमिश्नर को फुंण्डहर गौठान में गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण की दृष्टि से राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन की गौवंश हितकारी मंशा के अनुरूप गौठान का सर्वे करवाकर शीघ्र उसके विस्तार के सम्बन्ध में सीएसआर मद के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार करवाकर भेजा जाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

## एसईसीएल कर्मी की सड़क हादसे में मृत्यु

**कोरबा, 12 जुलाई ।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में दीपका हाउस के सामने हुई सड़क दुर्घटना में एसईसीएल कर्मी की मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रगति नगर कॉलोनी निवासी एसईसीएल कर्मी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। दीपका विस्तार परियोजना पदस्थ ड्रिल ऑपरेटर अनिल मिश्रा दीपका हाउस के सामने अष्टभुजी मंदिर के पास हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा हैं की अनिल मिश्रा नामक व्यक्ति अपने मोटरसाइकिल से ड्यूटी से घर वापस लौट रहे थे। तभी उनका अचानक सड़क दुर्घटना हो गयी। जिसमें उनके सिर में गहरी चोट लगी। लोगो ने डायल 112 के माध्यम से उनको एचसीएच अस्पताल गेवरा भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों में शोक का माहौल व्याप्त है। सुरक्षा के लिए पुलिस के द्वारा समय पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाता है। लोग इसका ठीक ढंग से पालन नहीं करतें हैं। ड्यूटी से लौट रहे एसईसीएल कर्मी अनिल मिश्रा अगर हेलमेट लगाते तो शायद उनकी जान बच सकती थी।

## गेवरा कोयला खदान में हादसा

**कोरबा, 12 जुलाई।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत आनंद वाटिका के पास एक हादसा हो गया है, जिसकी मुख्य वजह विजिबिलिटी की कमी को माना जा रहा हैं। जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में पानी छिड़काव के कार्य को संभालने के लिए एसईसीएल था, लेकिन उसकी लापरवाही से दो ट्रेलर आपस में टकरा गए। वर्तमान में जनहानि की कोई रिपोर्ट नहीं है। इस दुर्घटना से प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था में सुधार करने के लिए स्थानीय अधिकारियों ने कठोर कार्रवाई का निर्णय लिया है। हादसे की जांच के लिए अधिकारी गहराई से जांच कर रहे हैं और शीघ्र ही इसकी पीछे छुपी वजहों को स्पष्ट करेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि एसईसीएल द्वारा पानी छिड़काव के कार्य की लापरवाही ने हादसे को बढ़ावा दिया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस तरह की अनधिकृतता को रोका जाए और सुरक्षा के मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया जाए।

## कलेक्टर ने पदक प्राप्त खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**कोरबा, 12 जुलाई ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में कोरबा जिले के पदक प्राप्त खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि 10-10 हजार रूपए का बैंक ड्राफ्ट प्रदान करके सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' महा वृक्षारोपण अभियान-2024 का किया शुभारंभ

**रायपुर 12 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर के अटल नगर स्थित जैव विविधता पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' महावृक्षारोपण अभियान-2024 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने पूर्ण विधि विधान से पूजन कर पीपल के पौधे का रोपण कर महावृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री द्वारा अभियान का बैनर जारी किया गया। इस अभियान के तहत वन विभाग द्वारा प्रदेशभर में 4 करोड़ वृक्ष लगाये जाएंगे। इसी के अंतर्गत में आज प्रदेश के 33 जिलों में कुल 4 लाख पेड़ लगाए गए। आज महावृक्षारोपण अभियान के शुभारंभ के मौके पर जैव विविधता पार्क में मुख्यमंत्री श्री साय के साथ सभी कैबिनेट मंत्रीगणों, स्कूली बच्चों, सीआरपीएफ के जवानों, पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने 20 हजार पेड़ लगाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने ओपन जिप्सी में वृक्षारोपण क्षेत्र का भ्रमण कर अभियान में हिस्सा ले रहे लोगों का उत्साह वर्धन किया। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री द्वय श्री अरुण साव एवं श्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा, विधायक श्री इंद्र कुमार साहू एवं श्री गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित थे। सभी ने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के 140 करोड़ लोगों से आह्वान किया है कि सभी अपनी मां के नाम से एक पेड़ लगाएं। उनके आह्वान पर यह एक आंदोलन बन गया है, हम लोग छत्तीसगढ़ में भी इसको अभियान के रूप में ले रहे हैं और अकेले वन विभाग का 4 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के 33 जिलों में वन विभाग द्वारा 6 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। बहुत सी प्रजातियों के पेड़ लगाएं जा रहे हैं। पीपल का पेड़ जो 24 घंटा ऑक्सीजन देता है, नीम का पेड़, हर्रा बहेड़ा आंवला जैसे गुणकारी पौधे लगाए जा रहे हैं हर किसी को पेड़ लगाना बहुत आवश्यक है आप सब लोग देख रहे है कि पेड़ कम होने से गर्मी के दिनों में गर्मी बहुत बढ़ रही है इस साल तो रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पूरे देश में पड़ी है। पारा 50 डिग्री पहुंच गया। पूरे विश्व में गर्मी से मरने वालों की संख्या बहुत बढ़ गई है, ऐसे समय में बहुत आवश्यक हो जाता है कि हम सभी पेड़ लगाएं। आज वृक्षारोपण अभियान में हमारे स्कूली बच्चे शामिल हुए, हमारे सीआरपीएफ के जवान शामिल हुए, हमारे वन और पुलिस विभाग का अमला भी शामिल हुआ। इन सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। मुख्यमंत्री ने सभी स्कूलों से भी आह्वान किया है कि बच्चे अपने स्कूल परिसर में अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना की बहनों को राशि वितरण के लिए अगस्त माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में वे माता-बहनों से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील करेंगे। यदि 70 लाख महिलाएं पेड़ लगाएंगी तो लक्ष्य आसानी से पूरा होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर एक वृक्ष अपने मां के सम्मान में लगाकर उसकी देखभाल करें, उसकी रक्षा करें। यह गौरव का विषय है कि आज हमारे राज्य के सभी वन रेंज में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## सिहावा क्षेत्र में कबाड़ियों की नहीं हो रही है जांच, बढ़ गई है चोरी की घटना

**नगरी,12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगरी क्षेत्र में बाइक चोरों का आतंक दिन ब दिन बढ़ती जा रही है,दिनदहाड़े भीड भाड के जगह में लुटेरे युवक को धमका कर बाइक उठा कर ले गये है, पुलिस थाने मे शिकायत करते ही चोर बाइक को तोड फोड कर वापस उसी जगह छोड़ कर भाग गये। बता दें की रथयात्रा के दिन सिहावा मेले में पूरे नगरी क्षेत्र के श्रद्धालु ग्रामीण पहुचते है, सिहावा बस स्टैण्ड मे ही मुकीम खान का बाइक दुकान है,दुकान



मे काम करने वाला युवक बाईक लेकर भोजन करने घर जा रहा था,इस दौरान पेट्रोल पंप के पास दो युवकों ने रोकर हमें घर छोड दो बोले जब युवक मना कर आगे बढा तो पेट्रोल पंप से महज 100 मीटर की दूरी पर एक युवक बाईक से आकर रोक लिया और योजनाबद्ध तरीके से युवक को मारने की धमकी देने लगे, युवक अपनी जान बचाने बाईक छोड कर भाग गया, जिसके बाद बाईक दूकान के संचालक ने थाने मे शिकायत की जहा शिकायत होने के कुछ समय बाद ही चोर बाईक को वापस उसी स्थान पर लाकर छोड कर भाग गये, लोगों मे चर्चा है की यह बाईक कबाडी दूकान मे कटने के लिये तैयार था जिसका सीट फाड चुके थे हेड लाईट भी तोड चुके थे व गाडी के कई सामान अस्त व्यस्त था। गौरतलब हो कि सिहावा थाना से महज चार पांच की मी की दूरी पर होलसेल कबाडी व्यापारियो का गोदाम है जहा पुलिस की जांच पडताल नही होती, लोगो मे चर्चा है की अगर पुलिस कबाडी दूकान मे छापा मारती है तो कई प्रकार के सामान मिलेंगे बाईक के साथ ही चार चक्का व अन्य प्रकार के सामान बरामद हो सकता है जांच के बाद कार्यवाही होगी तो चोरो की हिम्मत नही होगी चोरी कर सामान बेचने की कार्यवाही नही होने के चलते कबाडियो के हौसले बुलंद है।

# विधानसभा सिहावा में महानदी के उद्गम स्थल पर रोपे गए विभिन्न प्रजातियां के 200 पौधे

**नगरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**




महानदी के उद्गम स्थल गणेश घाट पर आज जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण के महाभियान के तीसरे दिन आज सिहावा विधानसभा में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, डीएफओ श्री श्रीकृष्ण जाधव, पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शाह, श्री श्रवण मरकाम, एनसीसी, स्काउट-गाइड, डाईट, शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों सहित अधिकारी, कर्मचारियों ने गणेश घाट के दर्शन किए और साफ-सफाई भी की। इस मौके पर कलेक्टर ने जल संरक्षण के लिए स्वच्छता बनाए रखने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की समझाईश उपस्थितों को दी। स्कूली बच्चों के विशेष आग्रह पर कलेक्टर सुश्री गांधी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव और डीएफओ श्री कृष्ण जाधव ने स्कूली बच्चों से संवाद किया। इस दौरान इन स्कूली बच्चों ने जिले के इन वरिष्ठ अधिकारियों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी किस तरह से किया जाये, प्रतियोगी परीक्षा में कैसे प्रश्न आते है, इस बारे में पूछा। कलेक्टर सुश्री गांधी ने बताया कि ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सबसे जरूरी है लक्ष्य निर्धारित करना। लक्ष्य पूर्ति के लिए ईमानदारी से मेहनत करना। उन्होने बताया कि आप अभी से ही अपने सामान्य ज्ञान को बढ़ाते रहे, जिससे आगे चलकर इन परीक्षाओं में मदद मिलेगी। उन्होंने इन विद्यार्थियों को स्वाध्याय एप की जानकारी देते हुए बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा आप लोगों की सहायता के लिए यह एप बनाया गया है। आप सभी अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए इस एप का उपयोग कर सकते हैं। उन्होने कहा कि आप सभी इतनी तैयारी करें कि अंग्रेजी भाषा आपको समझ में आये। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को समझाईश देते हुए कहा कि अगर किसी कारणवश आपका चयन यूपीएससी नहीं हुआ तो निराश न होवें आगे और भी मौके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाईश दी कि मोबाईल से दूरी बनाए रखें और 25 साल तक की उम्र तक खूब मेहनत करना है। साथ ही खेलों में भी हिस्सा लेना जरूरी है, जिससे कि मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें।

## छाल रेंज से पहुंचे 24 हाथियों ने मचाया भारी उत्पात

**कोरबा, 12 जुलाई।** रायगढ़ जिले के छाल रेंज से पहुंचे 24 हाथियों के दल ने करतला रेंज के ग्राम तराईमार में जमकर उत्पात मचाया और चार ग्रामीणों के खेत व बाड़ी में लगे आम, केला व गन्ना के पौधों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही वहां लगे पंप व पाइप को भी तहस-नहस कर दिया। हाथियों का उत्पात लगभग एक घंटे तक चला। ग्राम तराईमार में उत्पात मचाने के बाद हाथियों का दल आगे बढक़र कुदमुरा जंगल पहुंच गया है।

पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार बड़ी संख्या में हाथियों का दल तडक़े एकाएक ग्राम तराईमार पहुंचा और उत्पात मचाने लगा। हाथियों के अचानक पहुंचने व उत्पात मचाने से ग्रामीण दहशत में आ गए। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग द्वारा संबंधित अमले को सूचना दिए जाने पर कुदमुरा रेंज से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने ली कमार जनजाति के शिक्षकों की बैठक

### ड्रॉप आउट विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने किया प्रेरित

**नगरी,12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए पुरजोर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में कमार बच्चों को अच्छी सी अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए कलेक्टर स्वयं कमार बसाहटों में पहुंचकर समय-समय पर ग्रामीणों के साथ चर्चा कर उन्हें समझाईश भी दे रहीं हैं। कलेक्टर के मार्गदर्शन में आज जिला शिक्षा अधिकारी श्री जगदल्ले ने मगरलोड और नगरी विकासखण्ड में कार्यरत कमार जनजाति के शिक्षकों की बैठक ली और उनसे रू-ब-रू चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि ड्रॉप आउट कमार विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए अभिभावकों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए। श्री जगदल्ले ने कहा कि किसी कारणवश स्कूल नहीं जाने और पढ़ाई के दौरान स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को ओपन स्कूल के माध्यम से परीक्षा में शामिल किया जाए, ताकि कमार बच्चे भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ सकें। इसके लिए उन्होंने शिक्षकों को कमार बसाहटों में जाकर ग्रामीणों से उनकी बोली में चर्चा करने और गृहभेंट कर अभिभावकों को समझाईश देने कहा कि वे अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें।

## गोपलिनचुवा में अनोखी पहल

**मोहला,12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** अम्बागढ़ चौकी विकासखंड में मंगलवार को ग्राम पंचायत गोपलिंचुवा मे आंगनबाड़ी में बच्चों का वजन सत्यापन किया गया। ग्राम पंचायत गोपलिनचुवा में बीस मध्यम और दो गंभीर कुपोषित बच्चे हैं। ग्राम पंचायत के छह आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जिसमें से दो केंद्र के आठ बच्चों को श्रीमती आशा चौधरी वाटर एड फील्ड फैसिलिटेर द्वारा गोद लिया गया वही अजय अनूप रामटेके प्रधान



पाठक गोपलिंचुवा प्राइमरी स्कूल के द्वारा दो केंद्र के चार बच्चों को गोद लिया तथा ग्राम पंचायत के सरपंच सूर्यकांत रावटे के द्वारा दो केंद्र के 10 बच्चों को गोद लिया। बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने हेतु दूध, अंडा, फल, फूटा चना, गुड़, फली दाना इत्यादि देने की घोषणा की तथा गृह भेंट कर पालको को खान-पान और देखभाल संबंधित समझाइश देने का आशवासन दिया।

**राजनांदगांव 12 जुलाई ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत तहसील छुरिया, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

# शिकायत पत्र एक माह बाद भी नहीं पहुँचा जनपद कार्यालय

- मामला सरकारी दफ्तर में जाम से जाम छलकाने का
- कौन छुपा रहा जांच की कॉपी, कौन बचाना चाहते है पाँच पांडव को

**मोहला,12 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

अंबागढ़ चौकी जनपद पंचायत में जाम से जाम छलकाने ने का मामला अब नया मोड़ ले लिया है कलेक्टर ऑफिस से माहभर पहले शिकायत पत्र अब तक जनपद पंचायत कार्यालय नही पहुंचा है, जिसके कारण जनपद पंचायत विवादों के घेरे में आ गए।

सूचना के अधिकार के अंतर्गत जानकारी मांगने के बाद कलेक्टर कार्यालय से अंबागढ़ चौकी जनपद पंचायत में जांच के आदेश का पत्र जारी हो गया था जो आज तक जनपद पंचायत कार्यालय में नहीं पहुंच पाया है पत्र को गबन करने का मामला सामने आया है आया है। जांच पत्र कहां तक पहुंचा है इसकी जानकारी फिलहाल




नहीं है। जांच पत्र की जानकारी लगते ही जनपद पंचायत कार्यालयमें हड़कंप मच गया है अधिकारी अपने कर्मचारियों को बचाने में लगे हुए हैं।

**मोहला से अंबागढ़ चौकी जांच पत्र आने में लगे माह भर**-माह भर पहले सूचना के आधिकारी के अंतर्गत जाम से जाम छलकाने के मामले में जानकारी मांगी गई थी, जिसकी कलेक्टर मोहला के द्वारा जांच आदेश जारी कर दिया गया था लेकिन जांच पत्र का आदेश मार्किंग के लिए अब तक जनपद पंचायत कार्यालय नही पहुंचा है, जिसकी जानकारी लगते कार्यालय ने खलबली मच गई, सोचनीय विषय यह है कि जांच पत्र अब तक कार्यालय क्यों नहीं पहुंच पाया।

**क्या जनपद पंचायत अधिकारी अपने पांच पांडवों को बचाने में लगी है क्या?**-सुर्खियों में बने जनपद पंचायत के अधिकारी सरकारी दफ्तर में हाथ में शराब चखना का वीडियो वायरल हुआ था उसे पर कलेक्टर के आदेश आने के बाद भी पत्र जनपद पंचायत तक नहीं पहुंच पाया है क्या पत्र को किसी ने गबन कर लिया या फिर जनपद पंचायत की गद्दी पर बैठे अधिकारी अपने पांच पांडवों को बचाने में लगे हुए हैं।

**कई वर्षो से जमे हुए अधिकारी, ग्रामीणों से होती दुर्व्यवहार**-जनपद पंचायत में बैठे अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उप अभियंता, लेखापाल, सहायक करारोपण अधिकारी और सहायक ग्रेड 03 लंबे समय से जमे हुए है, आरोपो से घिरे जनपद के कर्मचारियों का ट्रांसफर होने के बाद भी अपने ठिकाने पर न जाकर अम्बागढ़ चौकी में जनपद पंचायत में मोटी रकम देकर दशकों से जमे है, पूर्व में सब इंजीनियर साहू का भी ट्रांसफर आदेश आने के बाद भी विभाग की लापरवाही के चलते ट्रांसफर को अपने स्तर में खत्म कर दिया।

# क्षेत्र में मुरूम माफिया उड़ा रहे प्रशासन का मजाक

- कार्रवाई नहीं होने से खनन माफियाओं के हौसले बुलंद
- खनिज विभाग की सुस्त कार्रवाई के चलते धड़ल्ले से चल रहा है मुरूम खनन
- कलेक्टर के आदेश की हो रही अवहेलना
- शासकीय अवकाश के दिन सुबह से लेकर शाम तक होती है मुरूम की सप्लाई

**मोहला ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को जिला बने लगभग 2 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं लेकिन प्रशासनिक गतिविधियों में कोई बदलाव नहीं आया है, खनिज विभाग की सुस्त कार्यशैली और साठगाठ मुरूम माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे है, प्रशासन और खनन माफिया नियम और कानून का जमकर माखौल उड़ाते नजर आ रहे है लगातार अवैध रेत व मुरुम से भारी मात्रा में भरकर निकलकर सरपट सड़को पर



दौड़ रही गाड़ियों से दुर्घटना की सम्भावना बनी हुई रहती है। बता दे की रविवार को ग्राम पंचायत भड़सेना में अवैध मुरुम का उत्खनन सार्वा ट्रांसपोर्ट व सीजी ट्रांसपोर्ट के द्वारा किया जा रहा था, जिसकी जानकारी संबंधित विभाग व अधिकारियों को दिए जाने के बावजूद किसी प्रकार की कार्यवाही न होना प्रशासन को संदेह के दायरे में लाकर खड़ा करता है। साथ ही दोनो मुरूम सप्लायर राजनीतिक पार्टी से जुड़े होने का फायदा भी उठाते नजर आ रहे है, जिसकी राजनीतिक पार्टी में हलचल होना शुरू हो गई है।

**जिले में नहीं थम रही अवैध मुरूम खनन का कार्य**-प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने से आसपास के क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध उत्खनन चल रहा है, देख कर लगता है कि जैसे खनिज विभाग ने खनन माफियाओं को खुली छूट दे रखी हो, अवैध उत्खनन व परिवहनकर्ताओ पर विभागीय कार्यवाही नही होने से अब खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हो चले है, जिससे खनन माफिया अब किसी भी आपराधिक घटनाओ को अंजाम देने से भी नही डर रहे है।

**चोरी उपर से सीना जोरी - मुरूम सप्लायर**-हाल ही में ग्राम भड़सेना में मीडिया कर्मी कवरेज करने पहुंचे तो राजनीतिक पार्टी का धौस दिखाते हुए देव - लोक मीडिया कर्मी पर हावी हो रहे थे। लेकिन एक कहावत है चोरी ऊपर से सीना जोरी, इस तर्ज पर मुरूम माफिया लगातार घटना को अंजाम देकर अपना उल्लू सीधा कर लेते हैं, प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने के डर के कारण या मोटी रकम खनिज विभाग तक पहुंच जाने के कारण सप्लायर हौसले बुलंद होते नजर आ रहे।

## नशीली दवा खिलाकर नाबालिग से गैंगरेप

**कोरबा, 12 जुलाई।** चोर दिनों-दिन शातिर होते जा रहा है. इसका नमूना कोरबा जिले में देखने को मिला, जहां शादी के कार्यक्रम में नशीली दवा छिड़काव कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया. चोरी के दौरान दुल्हन के शोर मचाने पर उसकी पिटाई कर चोर भाग खड़े हुए. घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत शारदा विहार सामुदायिक भवन की है, जहां दुल्हन के परिवार में हल्दी की रस्म थी. इस दौरान पांच चोरों ने पहले नशीली दवा का छिड़काव किया. जैसे-जैसे घर वाले और मेहमान बेसुध हुए, चोर ने नगदी और सोने-चांदी के जेवरात को खंगालना शुरू कर दिया. इस बीच चोरों पर दुल्हन की नजर पड़ने पर उसने शोर मचाना शुरू किया. चोरों ने उसकी पिटाई कर 50 हजार रुपए नगदी समेत सोने चांदी के जेवरात ले भागे. शादी में शामिल होने आए बहुत से लोगों को होश में आने के बाद घटना की जानकारी हुई.

**कोरबा, 12 जुलाई ।** राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की टीम द्वारा कटघोरा विकासखण्ड के कुमगरी ग्राम में कृषक श्री जय सिंह और श्रीमती रजनी सिंह द्वारा पॉली हाउस में की जा रही डच रोज की खेती का निरीक्षण किया गया।

# श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए मोबाइल कैम्प का हो रहा आयोजन

**मोबाइल कैम्प के माध्यम से श्रमिक पंजीयन हेतु आवेदन एवं योजनाओं की दी जा रही जानकारी**

**राजनांदगांव 12 जुलाई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में श्रमिकों के समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने शासन द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए जिले के श्रमिकों को मोबाईल कैम्प के माध्यम से पंजीयन हेतु आवेदन करने एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का आग्रह किया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि मोबाईल कैम्प के माध्यम से श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण, संशोधन एवं शासन द्वारा श्रमिकों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा निर्माण श्रमिकों व असंगठित कर्मकारों का पात्रतानुसार पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदन किया जा रहा है। साथ ही मोबाईल कैम्प के माध्यम से आवेदनों तथा पंजीयनों में आ रही समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रमिक वर्ग पंजीयन एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए जनपद पंचायतों में संचालित श्रम कल्याण केन्द्र, श्रमेव जयते मोबाईल एप, लोकसेवा केन्द्र एवं इंटरनेट-कैफे के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। मुख्यमंत्री सहायता केन्द्र के हेल्प लाईन नंबर (टोल फ्री नंबर) 0771-3505050 पर संपर्क कर श्रमिक पंजीयन एवं योजनाओं की जानकरी प्राप्त की जा सकती है। पदाधिकारी ने बताया कि जुलाई माह में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जहां श्रमिक पंजीयन एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। 12 जुलाई को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम रामपुर-रानीतालाब, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बीजाभांठा एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम भंडारपुर में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 16 जुलाई को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम चैतुखपरी-केसली, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम मोखली एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम खोभा, 18 जुलाई को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सेम्हरा-गातापारखुर्द, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम धौराभांठा एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम घुपसाल, 20 जुलाई को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम माड़ीतराई-लमानीभाठा, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम सिंगारपुर एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम बूचाटोला, 23 जुलाई को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सहसपुर-जारवाही, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम किरगी एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम पाटेकोहरा, 26 जुलाई को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बोड़तलाब-छिंदीजोब, कोहापानी व कुरेझर, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कोपेडीह एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम गहिराभेड़ी, 30 जुलाई को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सेन्दरी-भेलवाटोला, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कोहका एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम पांडेटोला में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत 13 जुलाई को एफसीआई गोदाम के पास (सीटी सेंटर प्रोजेक्ट), 15 जुलाई को ग्राम भर्रेगांव, 17 जुलाई को डी मार्ट के पास चैतन्य स्कूल बिल्डिंग निर्माण कार्य, 20 जुलाई को ग्राम खैरझिटी, 22 जुलाई को ग्राम धौराभांठा, 24 जुलाई को पेण्ड्री 50 बिस्तर वाले बच्चों का अस्पताल निर्माण कार्य, 26 जुलाई को ग्राम धर्मापुर, 29 जुलाई को चिखली पायोनियर होम्स निर्माण कार्य (सिंघानिया फार्म) संजीवनी अस्पताल के बाजू एवं 31 जुलाई को ग्राम जंगलेसर में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

## अब 1200 से ज्यादा शहरों में हाई स्पीड वाई-फाई उपलब्धः गोपाल विट्ठल

**रायपुर।** आजकल, वाई-फाई हर किसी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है । ये हमारे घरों में काम करने, सीखने और मनोरंजन करने के तरीके को बदल रहा है। अब घर पर स्मार्ट डिवाइस, पढ़ाई और ऑफिस के काम के लिए हमें हाई स्पीड इंटरनेट की जरूरत है। पहले एयरटेल वाई-फाई सिर्फ कुछ ही जगहों पर मिल पाता था, लेकिन इस परेशानी को दूर करने के लिए एयरटेल ने लगातार प्रयास किया है और अब 1200 से ज्यादा शहरों में हाई स्पीड वाई-फाई उपलब्ध करा दिया है। इसका मतलब है कि अब आप भी हाई-स्पीड इंटरनेट का आनंद ले सकते हैं।

## संपादकीय

# पाक दौरे पर ऊहापोह

अगले साल फरवरी-मार्च में पाकिस्तान में होने वाले चैंपियन्स ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम इंडिया के वहां जाने को लेकर जिस तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं, उसने एक बार फिर इन दोनों पड़ोसी देशों के आपसी रिश्तों के तनाव को सार्वजनिक कर दिया है। हालांकि, बीसीसीआई से पहले केंद्र सरकार को यह निर्णय लेना है कि भारतीय टीम को वहां जाने की इजाजत दी भी जाए या नहीं, पर चूंकि 2008 के मुंबई हमले के बाद से ही दोनों देशों के रिश्तों में खटास यथावत बनी हुई है, इसलिए टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने को लेकर कयासबाजी जारी है और सूत्रों के हवाले से दावे किए जा रहे हैं कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईसीसी से यह कहा है कि इस टूर्नामेंट के तहत टीम इंडिया के मैच श्रीलंका या दुबई में आयोजित किए जाएं। दरअसल, पाकिस्तान की मेजबानी में हुए पिछले एशिया कप टूर्नामेंट में भी भारत के मैच ह्यहाइब्रिड मॉडलह्न के तहत श्रीलंका में खेले गए थे। इसी से ताजा अटकलों को आधार मिला है।

भारत और पाकिस्तान, दोनों देशों में क्रिकेट को लेकर एक खास तरह का जुनून है और दोनों के आपसी क्रिकेट मैच को लेकर तो जबर्दस्त उत्साह रहता है। निस्संदेह, वहां भी भारतीय क्रिकेटरों के मुरीदों की कोई कमी नहीं और भारत में भी कई पाकिस्तानी क्रिकेटरों के खेल को लोग खुलकर सराहते हैं। मगर कोई भी खेल या खिलाड़ी राष्ट्र-निरपेक्ष नहीं होता। ऐसे में, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उचित सवाल उठाया है कि आखिर पाकिस्तान ने भारत से रिश्ते सुधारने को लेकर ऐसा क्या किया है कि हमारी टीम वहां जाए? हम ही रिश्ते सुधारने की जिम्मेदारी अकेले क्यों उठाएं? जम्मू-कश्मीर में आज भी वह दहशतगर्दों को खाद-पानी मुहैया करा रहा है। हाल के आतंकी हमले इसके ठोस प्रमाण हैं। फिर ऐसा कैसे हो सकता है कि एक तरफ हम अपने जवानों को गंवाते रहें और दूसरी ओर, पाकिस्तान जाकर हमारे क्रिकेटर अपने खेल से लोगों का मनोरंजन करें? पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की माली हालत उसके मुल्क की आर्थिक स्थिति की तरह ही खस्ताहाल है और इसीलिए वह आईसीसी से लगातार गुजारिश करता रहा है कि वह बीसीसीआई को कायल करे कि दोनों देशों के क्रिकेट रिश्ते बहाल हो जाएं। मगर यह तभी मुमकिन होगा, जब पाकिस्तानी सरकार ईमानदार पहल करेगी। फिर सवाल हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा का भी है। जैसे कि ब्योरे हैं, यह टूर्नामेंट कराची, रावलपिंडी और लाहौर में होना है। पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा की हालत किसी से छिपी नहीं है। वहां भारत के प्रति पारंपरिक वैर-भाव से पोषित लोगों की भी कोई कमी नहीं है। ऐसे में, पाकिस्तान सरकार हमारे क्रिकेटरों की सुरक्षा देने की गारंटी पर कितनी खरी उतर पाएगी, यह भी संदिग्ध है। इस पृष्ठभूमि में किसी तीसरे देश में हाइब्रिड मॉडल के तहत खेलने का सुझाव एक सुरक्षित विकल्प है। बहरहाल, पाकिस्तान को यह समझने की जरूरत है कि वह किसी अन्य देश पर तोहमत मढ़ने की स्थिति में नहीं है। उसका दोमुंहापन पूरी दुनिया के सामने कई बार उजागर हो चुका है और अब तो उसके मित्र देशों की मुद्राएं भी बदलने लगी हैं। इसलिए, उसे दुनिया का भरोसा जीतने के लिए दहशतगर्दों के पालन-पोषण से तौबा करनी पडेग़ी। यह न सिर्फ पूरी दुनिया के, बल्कि खुद उसके हक में है। उसके हुनरमंद क्रिकेटर या दूसरे कलाकार तभी सही मायने में ह्यसद्भावना दूतह्न कहला पाएंगे!



प्रासंगिक

किशन सनमुखदास भावनानी

# भारत में पूर्ण ग्रांटेड स्कूलों में सक्षम बड़े अधिकारियों के रेगुलर निरीक्षण की सख्त जरूरत



वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश के विकास कादरवाजा शिक्षा रूपी कुंजी या चाबी से खुलता है। हमारे भारतवर्ष के विकसित भारत मिशन 2047 का एक प्रमुख स्तंभ भी शिक्षा ही है, इसलिए शिक्षा के ज्ञान को पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी जवाबदेही व जिम्मेदारी से शिक्षकों ने छात्रों को देना व छात्रों ने उसी एंगल से ग्रहण करना ही सच्चा गुरु शिष्य प्रेम है। हर शिक्षक को अपने शिष्य छात्रों को पूरी निष्ठा, समर्पण व त्याग के भाव से शिक्षा रूपी ज्ञान देना उसका परम कर्तव्य सहित राष्ट्रीय प्रेम का प्रतीक भी है, परंतु समय का तकाजा है कि कुछ लोग इस पवित्रप्रथा को दूषित करने में लगे हुए हैंइसलिए ही कुछ वर्षों से भयंकर पेपर लीक के मामले, स्कूलों में अनुशासनहीनता व सबसे बड़ा प्रौद्योगिकी का अनमोल अस्त्र मोबाइल हैंडसेट स्कूल अनुशासन की मर्यादा भंग करने में अहम रोल निभाने की ओर कदम बढ़ा रहा है। परंतु अगर शिक्षकों का छात्र, शिक्षा, राष्ट्र व हृदय प्रेम अटल है तो यह मोबाइल प्रेम भी उनके कर्तव्य निष्ठा के आड़े नहीं आएगा, उनको डिगा नहीं पाएगा। यह अगर हर शिक्षक को समझने की जरूरत आन पड़ी है। परंतु कुछ शिक्षक इस भाव को समझ नहीं पा रहे हैं और स्कूलों में मोबाइल चलाकर फेसबुक व्हाट्सएप गेम्स व कुछ गलत क्लिप व फिल्में देखकर छात्रों की पढ़ाई को नजर अंदाज कर उनके भविष्य के हसीन सपनों को खराब कर राष्ट्र के खिलाफ काम करने पर आमदा है, जिनके लपेटे में ईमानदार शिक्षक भी आ रहे हैं। इसीलिए शासन प्रशासन के लिए अब यह अनिवार्य हो गया है कि भारत के सभी ग्रांटेड व निजी स्कूलों में नियमित रूप से सक्षम बड़े अधिकारियों द्वारा रेगुलर निरीक्षण की सख्त जरूरत आन पड़ी है, क्योंकि दिनांक 10 जुलाई 2024 को यूपी के संभल में इसी औचक निरीक्षण के दौरान कई गलतियां व ढाई घंटे मोबाइल चलाते हुए एक शिक्षक को पकड़ा गया है, जो एक ऐप के माध्यम से मोबाइल हैंडसेट से पता चलजाता है कि मोबाइल हैंडसेट का कितना उपयोग किस समय हुआ है। बता दें राजस्थान में स्कूलों में शिक्षकों को मोबाइल ले जाने पर बैन लगा दिया गया है,जो आज हर राज्य को राजस्थान के इस मॉडल को फॉलो करने की जरूरत है। चूंकि एक डीएम द्वारा औचक निरीक्षण में स्कूलों में व्याप्त अनुशासनहीनता समय का दुरुपयोग स्टाफ की मनमानी को उजगार कर सख्त कार्यवाही करने का एक सटीक तरीका है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल केमाध्यम से चर्चा करेंगे, सभी राज्यों के जिला प्रशासन द्वाराआपसी समन्वय से ग्रांटेड स्कूलों में इंट्रा जिला औचक निरीक्षण की नीति बनाई जाए जिससे भारी खामियां उजगार होने की पूरी संभावना है,जिससे विजन 2047 को पाने की दिशा में एक बड़ा सटीक क़दम होगा।

साथियों बात अगर हम दिनांक 10 जुलाई 2024 को यूपी के संभल में डीएम द्वारा एकसरकारी स्कूल का औचक निरीक्षण करने की करें तो,यूपी के संभल जिले के एक सरकारी स्कूल में निरीक्षण पर पहुंचे डीएम ने पाया कि एक टीचर ड्यूटी टाइम में मोबाइल गेम खेल रहे थे. डीएम ने टीचर का मोबाइल चेक किया तो पता चला कि 5.30 घंटे के स्कूल टाइम में उन्होंने एक घंटा 17 मिनट कैंडी क्रश खेला और इसके अलावा सोशल मीडिया का भी यूज किया. इतना ही नहीं जब डीएम ने टीचर द्वारा चेक की गई कॉपियों को दोबारा देखा तो छह पेज में 95 गलतियां भी सामने आईं. मोबाइल में कैंडी क्रश गेम खेलने वाले टीचर को डीएम के निर्देश के बाद सस्पेंड कर दिया गया है। संभल केएक सरकारी स्कूल में डीएम औचक निरीक्षण पर पहुंचे थे। यहां उन्होंने टीचरों का शिक्षण कार्य देखा और बच्चों के पढ़ाने के तरीके पूछे, उसके बाद शिक्षकों द्वारा जांची गई गृह पुस्तिकाओं को खुद चेक किया। डीएम ने क्लास के 6 छात्रों की कॉपियों के 6 पेज चेक किए, तो शिक्षक के द्वारा चेक की गई कॉपियों के 6 पेज में 95 गलतियां देखने के लिए मिली हैं। जिसमें पहले पेज पर 9 गलतियां, दूसरे पर 23 गलतियां, तीसरे पेज पर 11 गलतियां, चौथे पेज पर 21 गलतियां, पांचवे पेज पर 18 गलतियां और छठे पेज पर 13 गलतियां देखने के लिए मिली। इसको लेकर उन्होंने टीचरों को फटकार भी लगाई इस दौरान उन्होंने एक शिक्षक और एक शिक्षिका की बेहतर कार्यशैली की तारीफ भी की इस दौरान डीएम ने शिक्षक प्रेम गोयल के मोबाइल की डिजिटल वेलबेंग फंक्शन से हिस्ट्री निकाली तो सामने आया कि उन्होंने स्कूल टाइम में करीब दो से ढाई घंटा मोबाइल चलाया, जिसमें एक घंटा 17 मिनट कैंडी क्रश सागा गेम खेला गया। 26 मिनट फोन पर बात की गईइसके अलावा 17 मिनट फेसबुक,11 मिनट गूगल क्रोम, 8 मिनट एक्शन दश,6 मिनट यूट्यूब, 5 मिनट इंस्टाग्राम और 3 मिनटरीड आलोंग ऐप चलाया गया, इनमें से केवलरीड आलोंग ऐप ही विभागीय ऐप है इस स्कूल में कुल 101 छात्र-छात्राओं का नाम दर्ज है, लेकिन जब डीएम निरीक्षण पर पहुंचे तो स्कूल में 50 फीसदी से भी कम छात्रों की उपस्थिति दर्ज की गई। इस दौरान वहीं कुल 47 छात्र-छात्राएं ही मौजूद थे। हालांकि निरीक्षण के दौरान पांचों शिक्षक मौजूद थे। वहीं इस मामले में डीएम ने कहा,स्कूल के निरीक्षण में स्कूल में कायाकल्प का काम चल रहा था। प्रधान कार्य में सहयोग नहीं कर रहे थे। ऐसे में बीडीओ को निर्देश दिए गए हैं कि कायाकल्प के काम में सहयोग कराएं। जिन पुस्तिकाओं को टीचर चेक कर चुके थे, उनमें कई कमियां मिली हैं। स्कूल टाइमिंग में एक टीचर कैंडी क्रश सागा गेम खेल चुके थे इस दौरान डीएम ने खराब एजुकेशन क्वालिटी को लेकर शिक्षा विभाग से नाराजगी जताई। साथियों बात अगर हम कुछ दिन पूर्व एक अन्य स्कूल में औचक निरीक्षण की करें तो, शिक्षक ही नशे में धुत होकर आए तो उस विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों का भविष्य कितना सुनहरा होगा इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। यह किसी एक विद्यालय की स्थिति नहीं है, कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें शिक्षक नशे की हालत में विद्यालय पहुंच रहे हैं। इसे लेकर कुछ शिक्षकों के विरुद्ध कारवाई भी की गई है। ऐसा ही मामला माध्यमिक शाला पलकी का प्रकाश में आया है। मंगलवार को यहां मध्याह्न भोजन की जांच करने अधिकारियों की टीम पहुंची हुई थी। टीम को देखते हुए शिक्षक वहां से भाग खड़ा हुआ। शिक्षक के भागते हुए को ग्रामीणों ने वीडियो भी बनाया। जांच दल ने शिक्षक के खिलाफ पंचनामा बनाया है, जिसे उच्च अधिकारियों के समक्ष कारवाई के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। भाग रहे शिक्षक से स्कूल में न होने की वजह पूंछी गई तो वह शौच के लिए जाने का बहाना करते नजर आ रहे हैं।माध्यमिक शाला पलकी में 86 बच्चे दर्ज हैं, लेकिन शिक्षक की इन हरकतों से तंग आकर 40 से 45 बच्चे ही स्कूल आते हैं। हाल ही में हदवानी बीईओ कार्यालय का एक पत्र सामने आया था। पत्र के मुताबिक सिर्फ मेंहदवानी विकासखंड के 15 शिक्षकों को कारवाई के लिए चिन्हित किया गया है। यह शिक्षक भी नशे की बुरी लत की चपेट में है। नशे के शौकीन यह शिक्षक पढाई के नाम पर नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं पलकी गांव के ही हाईस्कूल में पदस्थ शिक्षक ने बताया कि माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक प्रतिदिन नशे की हालत में आते हैं। वहीं स्कूल में पढने.वाले बच्चों ने बताया कि शिक्षक देरी से स्कूल आते हैं और छुट्टी होने के पहले ही स्कूल से चले जाते हैं। साथियों बात अगर हम राजस्थान में स्कूल अवर्स में मोबाइल बंदी व शिक्षा मंत्री के बयान व मंत्रालय के आदेश की करें तो, राज्य के सरकारी स्कूलों के लिए सख्त कदम उठाए हैं,उन्होंने शिक्षकों में मोबाइल पर बैन लगाया है। खासकर टीचरों को मोबाइल ले जाने पर सख्त मनाही की गई है।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को आज किसी बड़ी कंपनी में जॉब मिलेगी। महिलाएँ अगर कोई उद्योग शुरु करना चाहती हैं, तो आज का दिन अच्छा रहेगा। जीवन में दूसरे लोगों का सहयोग मिलता रहेगा

वृष राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप कोइ नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जायेगा। प्रॉपर्टी के कारोबार से आपको अच्छा ख़ासा फ़ायदा मिलने के संकेत हैं। सुख सुविधाएँ जुटाने के लिए समय श्रेष्ठ रहेगा

मिथुन राशि-आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं। काम में मन लगेगा आपको परिवार से सहयोग मिलता रहेगा।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। वाहन चलाते समय धैर्य और समझदारी रखें। आज परिवार के कामों में आप व्यस्त रहेंगे। आज पारिवारिक मामले में कोई भी फैसला शांति से लेंगे तो आपका काम बन जायेगा। अपनी वाणी में भी मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। परिवार का माहौल आज अच्छा रहेगा। आज धार्मिक गतिविधि में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से आपको फायदा होगा। आज जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं । रुके हुये कार्यों को नए सिरे से फिर कोशिश करें, आप सफल अवश्य होंगे। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। आज ऑफिस के कार्य मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं । आज परिवार के सदस्य और दोस्तों के साथ समय बीत सकता है। रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने की संभावना है। कोई व्यक्ति आपके कामकाज में रुकावटें पैदा कर सकता है। कोर्ट कचहरी से जुड़े मामलों में आपको सफलता मिलेगी। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

तुला राशि-आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है लम्बे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा । माता के साथ घर के कामों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल- मेल बना रहेगा। आज आपको अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इलेक्ट्रानिक सामान खरीदने के लिए आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा है।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके अच्छा रहने वाला है। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही खास है आप अपना समय मन-पसंद काम करने में बिता सकती हैं। इस राशि के मंत्रियों की विदेशी यात्रायें हो सकती है। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स पढ़ाई व काम के बीच संतुलन बनाकर रहेंगे तो जल्द ही सफलता मिलेगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। आप परिवारवालों के साथ समय बितायेंगें घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। कहीं रूका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा। परिवार में स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को जॉब का अच्छा ऑफर मिल सकता है। पिता बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। कोई अनजान व्यक्ति आपका फायदा उठा सकता है, थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है।

मकर राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुडे लोगो के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाए अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती है दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी स्वास्थ्य फिट रखने के लिए योग की रूटीन अपनाएं, फायदा मिलेगा। धार्मिक कामों में मन लगाने से आपको मानसिक शांति मिलेगी । घर के बड़ो का सहयोग आपको मिलता रहेगा।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में ऑफिस के कलीग्स के साथ बाहर जा सकते हैं। लवमेट के रिश्ते की बात घर पर होगी, जिससे घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स पर काम करते हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे उन्हें काफी लाभ मिलेगा। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि-आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टैक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। छात्र आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनायेंगे। ऑफिस के कार्यों को आज समय से पूरा कर लेना अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए डेली रूटीन में मैडिटेशन व योगा अपनाएं। आज भाई-बहन के साथ गेम्स खेलने का प्लान बनायेंगे, बड़ों का आशीर्वाद आपके साथ बना रहेगा।

व्यंग्य

# विकास का अमृतकाल

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



मित्र ने पूछा और बताओ आजकल क्या चल रहा है? हमने बड़े गर्व से कहा झ विकास की तूती और बाहुबलियों की मूती बोल रही है। नशे में धुत्त हत्यारे सिगरेट का धुँआ उड़ा रहे हैं तो कोई निरीह बेबस आदिवासी युवक पर मूतकर स्वच्छ भारत अभियान का प्रमोशन कर रहा है। मूतने की यह तस्वीर इक्कीसवीं सदी के भारत की स्वच्छ भारत की सबसे बढ़िया तस्वीर है। मूतने का यह दृश्य हमारे समय का राष्ट्रीय गर्व है। मूतने वालों के भी दो धड़ बन गए हैं। गरीब मूतने वाले हवा में बनाए गए शौच में मूतकर अपनी लघुशंका दूर करने का भ्रम पाल रहे हैं वहीं धनवान मूतने वाले सहने वालों पर मूतकर स्वच्छता की नई मिसाल कायम कर रहे हैं। मूतने की यह प्रक्रिया बड़ी पावन प्रक्रिया के रूप में देखी जा रही है। अमृतकाल में इस तरह से अमृत बरसेगा ऐसा किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। वाह-वाह क्या अमृत वर्षा है। मानो विकास बरस रहा है। मन करता है खुद को भिगो लें और चुनाव के पाँचवें साल में सत्ताधारियों से चरण धुलवाकर खुद को एकदम पवित्र कर लें। क्या यह मूतने का अमृतकाल अभी से आरंभ हुआ है? मित्र ने आश्चर्य से पूछा। मुझे उस पर हँसी आने लगी। कहा, ताक़तवर लोग पिछले पचहत्तर वर्षों से लोकतंत्र और संविधान की आड़ लेकर पूरे देश पर मूत रहे हैं। जाति-वर्ण व्यवस्था के ऊँचे मंच से थोडे. से लोग सहस्त्राब्दियों से मंत्रोच्चार और शास्त्रोक्त विधि-विधान के साथ मूत रहे हैं और अपने मूत्र को परम पवित्र बता रहे हैं। फासिस्ट हत्यारे दशकों से लगातार इस कदर मूत रहे हैं कि देश की सारी नदियाँ और झीलें ऐसे ही उनके मूत से भर गयी हैं जैसे गलियाँ और सड़कें लोगों के खून से। मूतना एक ऐसी सांस्कृतिक-राजनीतिक क्रिया बन गयी है कि तरह-तरह के लोग आम लोगों पर तरह-तरह से मूत रहे हैं। संसद और विधानसभाएँ काले क़ानून मूत रही है। अदालतें और मीडिया न्याय की नौटंकी मूत रही हैं, सत्ता का आतंक बंदूक की नालों से आग मूत रहा है। ताकतवर लोगों के जनता के सिर पर मूतने की इस क्रिया से ध्यान भटकाने के लिए रंग-बिरंगे विद्वज्जनों के झुण्ड ऑनलाइन और ऑफलाइन अमूर्त-अकर्मक सिद्धान्त मूत रहे हैं, रंगारंग साहित्योत्सवों और सरकारी आयोजनों में कवि-कलावंत अलौकिक कला मूत रहे हैं, उत्तरआधुनिकतावाद क्रान्तियों की मृत्यु और इतिहास के अंत की घोषणा मूत रहा है, जनता की आकांक्षाओं और क्रान्ति की विचारधारा पर सामाजिक जनवाद और बुर्जुआ उदारवाद-सुधारवाद मूत रहे हैं। कुछ भी कहो यार मूतने वाले से ज्यादा मूतभिगलुओं सम्मान होना चाहिए। तुम्हें नहीं लगता कि ऐसा कुछ प्रावधान होना चाहिए? मित्र ने आसभरी नजरों से मेरी ओर देखा। मैं भी उसे कहाँ नाराज करने वाला था। मैंने कहा झ बिल्कुल होना चाहिए। बशर्ते कि वह चुनाव का समय हो। साक्षात सर्वेसर्वा मूतभिगलुओं को घर बुलाकर उनके चरण धोएगा। अगले दिन तस्वीर छपेगी और मीडिया में डंका बजेगा। मूतभिगलुओं का मूत साफ हो जाएगा। इस तरह विकास नए करवट के साथ एक नया अध्याय लिखेगा।

### बारिश के मौसम में फूलगोभी में होने लगते हैं कीड़े

सब्जी पकाने से पहले उसे अच्छी तरह से साफ करना बेहद जरूरी होता है. फूलगोभी को साफ करने के लिए साफ पानी की जरूरत होती है. फूलगोभी जैसी सब्जियों में भारी मात्रा में बैक्टीरिया होता है और अगर आप इसे साफ करके नहीं खाएंगे तो यह सेहत के लिए काफी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है. बरसात में भी अगर आप फूलगोभी खा रहे हैं तो इससे अच्छे तरीके से साफ-सफाई करें. क्योंकि इसकी छोटी-छोटी दरारों में कई तरह की बैक्टीरिया और कीड़े होते हैं जो सेहत के लिए हानिकारक होते हैं. ये पेट में पहुंचकर गंभीर रूप से बीमार कर सकते हैं. बारिश के मौसम में इसलिए हरी - सब्जी नहीं खानी चाहिए. अगर खा भी रहे हैं तो इसके साफ-सफाई का खास ख्याल रखना चाहिए. क्योंकि इससे स्वाद और सेहत पर बुरा असर होता है.

नदी

मनोज कुमार अग्रवाल

# गरजते मेघ,उफनती नदियां,खतरे में जिन्दगी!



बरसात का सीजन आते ही देश के कई राज्यों में हालात काफी बिगड़ने लगे हैं। एक ओर कई राज्य बाढ़ की चपेट में आ गए हैं, तो पहाड़ी राज्यों की अवस्था काफी खराब होती जा रही है। चट्टानें खिसकने चटकने, पहाड़ दरकने और भूस्खलन से हालात काफी खराब होते जा रहें हैं। अतिवृष्टि और बाढ़ की चपेट में आकर कई राज्यों में जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया हैं। उत्तराखंड, हिमाचल, असम में नदियां उफान पर हैं और महाराष्ट्र गुजरात में मानसूनी वारिश में स्थिति काफी दयनीय दिख रही है। राजस्थान में इस बार भी बारिश आफत बनकर टूटी है। विशेषकर पूर्वोत्तर राज्यों में हालात काफी खराब होती जा रही है। यहां की नदियां उफान पर हैं, जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। असम के 30 जिलों में करीब 24.5 लाख लोग इस बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में अब तक बाढ़ से 52 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं बारिश की वजह से हुए भूस्खलन और तूफान में भी 12 लोगों की जान गई है। विनाशकारी बाढ़ की वजह से अब तक 114 जंगली जानवरों की भी मौत काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में हो चुकी है। इधर उत्तर प्रदेश में बारिश की वजह से 13 लोगों की मौत हो गई। इसी प्रकार जम्मू में पूरी रात हुई भारी बारिश की वजह एक 30 वर्षीय महिला की डूबने से मौत हो गई है। हालात को देखते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने टेलीफोन पर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा को भी केंद्रीय मदद का भरोसा दिया है। भारी बारिश से हिमाचल में 150 से अधिक सड़कें बाधित हुई हैं। इनमें मंडी की 111, सिरमौर की 13, शिमला की नौ तथा चंबा और कुल्लू की आठ-आठ सड़कें शामिल हैं। भारी बारिश से उत्तराखंड में पहाड़ दरकने लगे हैं। उनका मलबा सड़कों पर आ रहा है, जो कई बार जानलेवा भी साबित हो रहा है। यहां बारिश में पहाड़ों का मलबा आने से, पेड़ गिरने की वजह से कई सड़कें बंद हैं। इतना ही नहीं बल्कि प्रशासन ने चारधाम यात्रा भी 2 दिनों के लिये स्थगित कर दी है। खराब मौसम का असर देखते हुए चार धाम यात्रा पर रोक लगाई गई है। मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी दी है इसके मद्देनजर कमिश्नर गढ़वाल ने 8 जुलाई तक यात्रा स्थगित करने की घोषणा की है।

पहाड़ों पर कुदरत ना जाने क्या ठानकर बैठी है. आसमान से ऐसी तबाही बरस रही है कि जमीन पर सबकुछ ध्वस्त हो रहा है. पहाड़ तिनके की तरह बिखर रहे हैं. उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में धारचूला की ओर जाने वाली एक सड़क पर पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर ऐसे गिरा कि सड़क बंद हो गई और सैकड़ों गाड़ियां फंस गईं. पिथौरागढ़ जिले में भी लगातार हो रही बारिश के चलते हादसे का खतरा बना हुआ है. काली नदी खतरे के निशान के बेहद करीब पहुंच गई है। उत्तरकाशी में हिमखंड टूटने से गंगा के बहाव में अचानक तेजी आ गई।गौमुख में पुल बह जाने से 2 कांवड़िए पानी के तेज बहाव के साथ बह गए. बाकी बचे कांवड़ियों को एसडीआरएफ की मदद से रेस्क्यू किया गया.



केदारनाथ मंदिर के पीछे गांधी सरोवर की पहाड़ी पर एवलांच की तस्वीर 2013 की त्रासदी की याद दिलाती है. पहाड़ों पर बर्फ का गुबार नजर आने लगा, जिसके बाद केदानगरी में हलचल मच गई।

उधर नेपाल में हो रही बारिश के कारण एक बार फिर से बिहार में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। पश्चिम बंगाल का पहाड़ी क्षेत्रों की अवस्था भी काफी खराब है। पश्चिम बंगाल और सिक्किम को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन की चपेट में आने से पिछले कई दिनों से बंद है। इससे यातायात में काफी परेशानी हो रही है। इसके साथ ही कई घर भूस्खलन की चपेट में आ जाते हैं। साथ ही तीस्ता के रौद्र रुप के कारण समतल के जलपाईगुड़ी जिले के कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गयी है। यह हाल तब है, जबकि अभी मानसून शुरू हुआ है। हालांकि ऐसा नहीं है कि बारिश अचानक आयी है। मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी। लेकिन शायद राज्य सरकारों के द्वारा इसको गंभीरता से नहीं लिया जाता है। हकीकत यह कि अपने देश के कुछ राज्यों में हर साल की बाढ़ आती है, लेकिन इसको नियंत्रित करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जाता है। असम, पश्चिम बंगाल, बिहार जैसे राज्यों का एक बड़ा इलाका लगभग हरेक साल ही बाढ़ की त्रासदी झेलता है। मगर दुर्भाग्य से हमारी सरकारें इस मद में बजटीय आवंटन को लेकर जितनी उत्सुक दिखती हैं, इस समस्या से स्थायी छुटकारे को लेकर उनके प्रयास उतने दिखाई नहीं पड़ते। अगर देखा जाए तो देश में हर साल बारिश और बाढ़ से करीब 7 करोड़ लोग प्रभावित होते हैं। पिछले 65 सालों से हर साल औसतन बाढ़ में 2130 लोग मारे जाते हैं। एक लाख 20 हजार जानवर मरते हैं। 82.08 लाख हेक्टेयर खेती बर्बाद होती है। एक रिसर्च के अनुसार भूस्खलन की जो घटनाएं पहाड़ी इलाकों में होती थीं, वो 2004 से 2010 के बीच 22 मिमी प्रति वर्ष की रफ्तार से होती थी, लेकिन 2022-23 में ही भारी बरसात के कारण ये 32 मिमी प्रतिवर्ष की रफ्तार से हुई। इस बार भी हिमाचल और उत्तराखंड में जिस तरीके से बरसात हो रही है, उससे भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। हिमाचल प्रदेश के मंडी में फ्लैश फ्लड जैसे हालात बने हुए हैं. पहाड़ी से अचानक मलबा गिरने से हिमाचल टूरिज्म की बस और कई गाड़ियां फंस गईं. लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बाद हो रही लैंडस्लाइड से कई सड़कें ध्वस्त हो गई हैं. पार्किंग में खड़ी गाड़ियां को मलबे के नीचे दब गईं। पहाड़ तिनके की तरह बिखर रहे हैं। एक तरफ प्राकृतिक आपदा दूसरी तरफ प्रशासनिक कुव्यवस्था जिसमें पुल के पुल ढहे जा रहे हैं. ये पुल नहीं गिर रहे, ये बिहार में सरकारी तंत्र पर भरोसा गिर रहा है. ये पुल नहीं टूट रहे लोगों की उम्मीदें टूट रही हैं. 17 दिनों में 12 पुल गिर गए. बिहार में ऐसा क्या हो गया है कि पुल गिरते ही जा रहे हैं।

हालांकि पिछले कुछ सालों में मौसम विभाग का आकलन भी दुरुस्त हुआ है। समय रहते भारी बारिश, खासतौर से तटीय राज्यों में समुद्री तूफान आदि के बारे में सटीक सूचना भी मिल जाती है। इससे लोगों को पहले ही सुरक्षित जगहों पर पहुंचा देना संभव हो गया है। मगर समस्या यह है कि हम पिछली घटनाओं से कोई सबक नहीं लेते। देश के अधिकतर राज्यों में बाढ़ आती है और व्यापक तबाही होती है। लोगों की जानें जाती है और फसलों को काफी नुकसान होता है। बाढ़ आने से लोगों का सब कुछ यह जाता है और बाढ़ खत्म होने के बाद उनको फिर से नए सिरे से जिंदगी शुरू करनी पड़ती है। सवाल है कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए ठोस योजनाएं क्यों नहीं बनाई जातीं? आजादी के 75 साल बाद भी राज्यों के पास ठोस आपदा प्रबंधन प्रणाली नहीं है। वरना लोग जैसा संकट झेलने को मजबूर हैं वैसा शायद नहीं होता। बारिश के मौसम में बारिश होगी और जो धरती के लिए जरूरी भी है। कब तक आधी आबादी बारिश और बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए भगवान के भरोसे रहेगी? सरकार के तमाम प्रयास अभी तक नाकाफी साबित होते रहे हैं तकनीक के इस युग में भी हम बाढ़ और बारिश से मुकाबला करने में इतना अक्षम बने हुए हैं यह तरक्की और तकनीकी विकास के दावों का खोखला चेहरा उजागर करता है जरूरत है कि आपदा प्रबंधन को नए सिरे से खड़ा किया जाए और इसके लिए एआइ जैसे आधुनिकतम तकनीक का इस्तेमाल किया जाए।

# टेट परीक्षार्थियों को डेढ़ घंटे विलंब से मिली थी उत्तरपुस्तिका, 20 जुलाई को पुनः होगी परीक्षा

## तरुण छत्तीसगढ़ खबर का असर : छग शिक्षक पात्रता परीक्षा केंद्र महर्षि वेदव्यास महाविद्यालय भखारा का मामला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंवरी, 12 जुलाई।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित छः ग शिक्षक पात्रता परीक्षा में परीक्षार्थियों को व्यापमं द्वारा तय समय सारिणी में प्रश्न पत्र व उत्तरपुस्तिका विलंब से देने व पर्यवेक्षक द्वारा लापरवाही बरतने का बड़ा मामला सामने आया था पूरे प्रदेश भर में व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छः ग द्वारा 23 जून को शिक्षक पात्रता परीक्षा(ष्टत्ञ्जश्ज्ञ) आयोजित की गई थी जिसमें महर्षि वेदव्यास स्नाकोत्तर महाविद्यालय भखारा को परीक्षा केंद्र बनाया गया था जिसमें द्वितीय पाली में 400 परीक्षार्थी का नाम था जिसमें 288 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे 7 उन परीक्षार्थियों को 45 मिनट विलंब उत्तरपुस्तिका प्रदान किये जाने की शिकायत को तरुण छत्तीसगढ़ ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था तरुण छत्तीसगढ़ की खबर को देखकर छत्तीसगढ़




व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 288 परीक्षार्थियों के हित में व्यापम द्वारा पुर्न परीक्षा हेतु विकल्प देने का




निर्णय लिया गया है। परीक्षा केन्द्र 1520- महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में 23 जून को द्वितीय पाली अपरान्ह 2:00 से 4:45 बजे तक में उपस्थित 288 परीक्षार्थियों हेतु 20 जुलाई को अपरान्ह 2:00 से 4:45 बजे तक छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (उच्च प्राथमिक कक्षा 6 से 8 तक अध्यापन हेतु) ञ्जश्ज्ञ 2024 पुनः इसी केन्द्र पर आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र इन 288 परीक्षार्थियों के लिए लॉगिन में 15 जुलाई को उपलब्ध होंगे। परीक्षार्थी 20 जुलाई को आयोजित परीक्षा में शामिल होंगे उनकी पूर्व की उत्तर पुस्तिका (ओ.एम.आर.) को निरस्त माना जायेगा व उनका परिणाम 20 जुलाई को आयोजित होने वाली परीक्षा के उत्तर पुस्तिका (ओ.एम.आर.) के मूल्यांकन के आधार पर घोषित किया जावेगा। जबकि जिन परीक्षार्थी पुनः परीक्षा में शामिल नहीं होंगे उनका परिणाम दिनांक 23 जून की उत्तर पुस्तिका (ओ.एम.आर.) के मूल्यांकन के आधार पर घोषित किया जावेगा।

## समाचार संक्षेप

### डिस्ट्रिक्ट टीबी एलिमिनेशन टास्क फोर्स की बैठक



**बालोद, 12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 9 जुलाई को जिला कलेक्टर के सभागृह में कलेक्टर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षय उन्नमूलन कार्यक्रम के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट टीबी एलिमिनेशन टास्क फोर्स का बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में जिला अंतर्गतडिस्ट्रिक्ट टीबी एलिमिनेशन टास्क फोर्स समिति के सभी सदस्यगण व स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम के. सूर्यवंशी, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधिक्षक डॉ. आर.के. श्रीमाली बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में जिला टीबी एलिमिनेशन टास्क फोर्स समिति के सभी सदस्यगण व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एम के सूर्यवंशी, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर आर के श्रीमाली, जिला क्षय अधिकारी डॉक्टर संजीव ग्लैड, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, राज्य प्रतिनिधि फैसल रजा खान, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र सिंह, समस्त एनटीईपी स्टाफ तथा पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे, बैठक में जिले में उपचाररत मरीजों को दी जाने वाली सुविधाएं जांच व निःशुल्क दवाइयां को लेकर चर्चा किया गया साथ ही टीबी मुक्त पंचायत बनाने हेतु कार्ययोजना पर चर्चा किया गया जिसमें कलेक्टर द्वारा ग्रामसभा की बैठकों में टीबी जागरूकता को एजेंडा के रूप में शामिल करने हेतु निर्देशित दिया किया गया, टीबी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत समाज के लोगों द्वारा निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार दिलवाने के संबंध में चर्चा किया गया, उक्त बैठक में बालोद जिले के टीबी चैम्पियन उपस्थित रहे जो कि विगत वर्षो से टीबी के प्रति जनजागरूकता कर रहे हैं वह टीबी से ग्रसित व्यक्तियों को भावनात्मक सहयोग प्रदान कर रहे हैं ताकि सामाजिक भेदभाव को दूर किया जा सके।

### खाद दुकानों में अनियमितता, 3 दुकानों को नोटिस



**बलौदाबाजार, 12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक कुमार सोनी के निर्देशानुसार जिले के कृषको को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक तथा कीटनाशक दवाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि आदान विक्रय केन्द्रों का लगातार निरीक्षण कर अनियमितता पायी जाने पर कार्यवाही की जा रही है। जिले में पदस्थ निरीक्षकों के द्वारा बीज विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि कृषकों को केवल गुणवत्तायुक्त बीजों का ही विक्रय किया जावें। साथ ही कीटनाशक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर निर्देश दिये गये है की कृषकों को नकली एवं कालातीत दवाईयों को किसी भी परिस्थिति में विक्रय न किया जावें। शासन के निर्देशानुसार अनुदान प्राप्त उर्वरको का विक्रय पीओएस मशीन के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है। पीओएस मशीन से विक्रय पश्चात ही उर्वरकों का अनुदान निर्माता कम्पनी को प्राप्त होता है। इसलिए फुटकर उर्वरक विक्रेता किसी भी परिस्थिति में बिना पीओएस के अनुदान प्राप्त उर्वरकों का विक्रय नहीं किया जाना चाहिए। जिले के विभिन्न विकासखंडो में नियुक्त उर्वरक निरीक्षकों को नियमित रूप से उर्वरक विक्रय क्रेन्द्रो की निगरानी करने तथा उर्वरक विक्रय केन्द्रों में उपलब्ध भौतिक स्कंध एवं पीओएस में उपलब्ध स्कंध का मिलान करने तथा दोनों स्कंध में भिन्नता पाए जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत तत्काल कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए है। विकासखण्ड-कसडोल के निरीक्षक, धनेश्वर साय द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कसडोल, संदीप कृषि सेवा केन्द्र बया, शिवम बीज भण्डार बया, भरत कृषि केन्द्र, उमा कृषि केन्द्र, अग्रवाल कृषि केन्द्र, गिधौरी, हनुमान कृषि केन्द्र कटगी का निरीक्षण किया गया। जिसमें हनुमान कृषि केन्द्र कटगी तथा भरत कृषि केन्द्र गिधौरी के द्वारा स्त्रोत प्रमाण पत्र का संधारण नहीं किये जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। इसी तरह विकासखण्ड पलारी के निरीक्षक, सुचिन कुमार वर्मा द्वारा टी.एस. कृषि सेवा केन्द्र कोदवा, मेसर्स हीरालाल राजकुमार सण्डी, वर्मा कृषि सेवा केन्द्र सण्डी का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड-सिमगा के निरीक्षक रामअवतार राठौर द्वारा ओम कृषि केन्द्र सुहेला, देवा कृषि केन्द्र सुहेला का निरीक्षण किया गया तथा ओम कृषि सेवा केन्द्र सुहेला को स्टॉक एवं मूल्य सूची प्रदर्शित न करने तथा बिल बुक एवं स्टॉक रजिस्टर का उचित संधारण न करने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।


**न्यायालय तहसीलदार, लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 20406090100025
अ/21 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। आवेदक मनोज कुमार पिता स्व. पंचम, जाति गोंड़, निवासी ग्राम चौथना, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव कृषक ग्राम बिच्छीटोला में अपने स्वामित्व में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 405/4 रकबा 0.55ए. भूमि को गैर आदिवासी व्यक्ति प्रकाश कुमार वल्द स्व. विष्णु प्रसाद बिंदल, जाति अग्रवाल, निवासी एक बत्ती पांच रास्ता डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव को विक्रय करने की अनुमति दिये जाने के संबंध में आवेदक द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय, राजनांदगांव को प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डोंगरगढ़ के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में आवेदित भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय किये जाने की अनुमति आवेदक को दिये जाने हेतु किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति दिनांक 19.07.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
लाल बहादुर नगर


## एक नजर

### सड़क दुघर्टना में युवक की मौत

**सिमगा, 12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मिली जानकारी के अनुसार सिमगा हथबंद तिल्दा रोड में जंक्शन ढ़ाबा किरण पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में कामता निवासी संतोष साहू की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कामता निवासी संतोष साहू रात्रि 8.50 बजे सिमगा से अपने गृहग्राम कामता मोटरसाइकिल से जा रहे थे कि अचानक अज्ञात वाहन चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर मोटरसाइकिल सवार संतोष साहू को किरण पेट्रोल पंप के पास जबरदस्त टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गया समाचार लिखे जाने तक। सिमगा पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच कर रही है।

### चरोदा हाईस्कूल शाला विकास समिति के अध्यक्ष बने इमरान अली

**छुरा, 12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक



विद्यालय चरोदा स्कूल के शाला विकास समिति के अध्यक्ष के लिये इमरान अली के कार्यशैली को देखते हुए राजिम विधायक रोहित साहू द्वारा इमरान अली को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। इमरान अली के अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं व पालकों ने बधाई दी है। जिसमें अली ने राजिम विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, मण्डल अध्यक्ष पीलू राम यादव सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराज ध्रुवा को धन्यवाद दिया।

### छुरा हाई स्कूल शाला विकास समिति के अध्यक्ष बने भवानी शंकर सेन

**छुरा, 12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक



विद्यालय छुरा स्कूल के शाला विकास समिति के अध्यक्ष पद पर भवानी शंकर सेन को मनोनीत किया गया है। भवानी शंकर सेन के कार्यशैली को देखते हुए उनको अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।भवानी शंकर सेन के अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता व पालकों ने बधाई दी है। जिसमें सेन जी ने राजिम विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, मण्डल अध्यक्ष पीलू राम यादव को धन्यवाद दिया।

### वनक्षेत्रों में घूम कर रहे बाघ की सुरक्षा व मॉनिटरिंग पर कार्यशाला सम्पन्न

**बलौदाबाजार, 12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विगत 04 माह से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत विचरण कर रहे बाघ के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु डब्ल्यू डब्ल्यू एफएवं नोवा नेचर के सहयोग से आज 10 जुलाई को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वन संरक्षक, (व.प्रा.) मुख्य वन संरक्षक, एवं क्षेत्र संचालक उदन्ती-सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर के विशेष आग्रह पर बाघ गतिविधियों एवं रहवास हेतु उपेन्द्र कुमार दूबे डब्ल्यू डब्ल्यू एफको बारनवापारा अभ्यारण्य में आमंत्रित किया गया। कार्यशाला में उपेन्द्र दुबे के द्वारा पावर पाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से बाघ के व्यवहार एवं अन्य गतिविधियों के बारे में बारीकी से विस्तृत जानकारी साझा किया गया। उनके द्वारा बाघ विचरण क्षेत्र में की जाने वाली गतिविधियों, ट्रैकिंग के संबंध में निर्धारित एस ओ पी एवं विचरण क्षेत्र में विभिन्न वन्यप्राणियों के खान-पान और व्यवहार के बारे में विस्तार से चर्चा कर जानकारी दी गई।

# सिमगा तहसील में होगी दर्जनों संयंत्रों की स्थापना पर पानी कहां से आएगा

## मोहभट्ठा, कुकरचुंदा, नेवधा, कामता, पौंसरी, केसदा सहित कई ग्रामों में स्टील एवं पावर इस्पात संयंत्रों के लिए शासन से हो चुका है अनुबंध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 12 जुलाई।** विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम मोहभट्ठा कुकरचुंदा नेवधा कामता पौंसरी केसदा सहित विभिन्न ग्रामों में बहुतायत मात्रा में स्टील एवं पावर इस्पात संयंत्रो के लिए छ.ग शासन से अनुबंध हो चुका है। वहीं अंचल में उक्त संयंत्रों का निर्माण कार्य प्रारंभ भी हो चुका है। संयंत्रों को अनुबंध होने के पश्चात अनेक ग्राम पंचायतों से अघोषित रूप से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी दिया जा चूका है। साथ ही जनसुनवाई भी हो चुकी है। जबकि जनसुनवाई का नागरिकों द्वारा विरोध करने के बाद भी प्रशासनिक रूप से जनसुनवाई पूर्ण किया जा चुका है। इन संयंत्रों के स्थापना के लिए मूल रूप से पानी की आवश्यकता होगी। क्योंकि उपरोक्त संयंत्रों द्वारा पानी की मांग की जा रही है अब प्रश्न यह उठता है कि संयंत्रों के लिए जल कहां से आएगा। अनेक संयंत्रों ने अपनी प्रोजेक्ट रिपोर्ट में शिवनाथ नदी से जल प्राप्ती की बात कहीं है।

उल्लेखनीय है कि सिमगा में शिवनाथ नदी से पूर्व में ही बंजरंग पावर प्लांट



तिल्दा को पानी दिया जा रहा है वही सिमगा नगर के लिए पेयजल एवं निस्तारी जल हेतु अलग से फिल्टर प्लांट की स्थापना के साथ ही कृषि कार्य हेतु सिंचाई के लिए लिफ्ट इरीगेशन द्वारा पंप बैठक नालियों के द्वारा किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जाता है। उपरोक्त वाटर प्लांट के कारण शिवनाथ नदी में जगह जगह स्टाप डेम बनाए गए हैं। किंतु नदी में तीन फीट से ज्यादा का जल स्तर नहीं है वही गर्मी की दिनों में लगभग प्रवाह रुक सा जाता है। कचलोंन तेंदूभाटा खैरघट चोरहानवागांव लिमतरा कुलीपोटा मार्राकोना एवं अन्य नदी किनारे के दर्जनों गांव निस्तार जल पेयजल की समस्या बनी रहती है।

अभी 10 जुलाई बीत जाने के बाद भी शिवनाथ नदी किनारे बने पचारी जिसमें लोग नहाने का कार्य करते हैं उससे लगभग 20 फीट दूर जलस्तर दूर हो गया है जोकि नदी का जलस्तर गिरता हुआ दरसा रहा है।

उपरोक्त संदर्भ अनुविभागीय अधिकारी अंशुल वर्मा से चर्चा में बताया कि उपरोक्त मामला उद्योग विभाग से जुड़ा हुआ है उनके पास संपूर्ण जानकारी उपलब्ध नहीं है पानी की समस्या का समाधान शासन को करना है साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन संयंत्र जिनकी स्थापना होगी जिनका शासन से अनुबंध हो चुका है। उनकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट हमारे कार्यालय में उपलब्ध नहीं है उद्योग विभाग से प्रोजेक्ट रिपोर्ट लेकर पूरी जानकारी दे पाऊंगा। ऐसे में ग्रामीणों के मध्य यह चर्चा बनी हुई हैं कि शासन निर्माणाधीन संयंत्रों को महानदी का पानी भाटापारा शाखा नहर के माध्यम से उपलब्ध करा सकता है जिसकी वजह से ग्रामीणों में रोष भी है कि कृषि कार्य के लिए तालाब भरने के लिए शासन के पास नदियों का जल उपलब्ध नहीं है किंतु विशालकाय संयंत्रों को पानी देने के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध है।

# ऑनलाइन फ्रॉड के मामले का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 12 जुलाई।** ऑनलाइन फ्रॉड के आरोपी को शहर पुलिस ने गिरफ्तार किया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक़ पुलिस पहुंची शहर थाना मे मामले का खुलासा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार ने किया इस दौरान एसडीओपी एश्वर्य चन्द्राकर मौजूद रहे। युनाइटेड स्टेट्स डॉलर प्राप्त करने के लिए पीड़ित से 12,34,500 रूपये की ठगी आरोपिओ द्वारा की गई तथा पीड़ित से लाखो की रकम ऑनलाइन प्राप्त करने के बाद भी उसको संबंधित एसडीटी नहीं मिल पाया।

तब जाकर पीड़ित ने अपने घर तेन्दुकोना महासमुन्द थाना में साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से रिपोर्ट किया जहाँ से नए कानून का पालन करते हुए जीरो मे 420 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज़ किया व चुकि पीड़ित द्वारा भाटापारा सिटी के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से ट्रांसक्शन किया था इसलिए घटनास्थल भाटापारा सिटी पुलिस को अग्रिम कार्यवाही के लिए भेजा गया, भाटापारा सिटी पुलिस ने तत्काल ऑनलाइन जीरो मे मे स्नढ्ढक्र प्राप्त करके पुलिस अधीक्षक विजय अग्वाल से अनुमति लेकर नंबरी अपराध क़ायम किया।

शहर थाना निरीक्षक परिवेश तिवारी को पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने तत्काल प्रकरण को गंभीरता से लेकर कार्यवाही करने तथा आरोपी तक़ शीघ्र पहुंचने का निर्देश दिया था, जिसके परिणामस्वरुप थाना प्रभारी ने स्वयं संबंधित आईडीएफसी बैंक जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की, जिसमे आरोपी विपुल शुक्ला के बैंक अकाउंट, फोटो, पैन नंबर, आधार कार्ड





के आधार पर आरोपी तक़ तत्काल तकनीकी साक्ष्यों की मदद से अपराध की कायमी के कुछ ही घंटो मे पहुंच गई और बिलासपुर जिले के राजकिशोर नगर क्षेत्र से आरोपी को बरामद करने मे थाना प्रभारी को सफ्लता देर रात ही मिल गई. ठगी की रकम मे से 50000 रूपये जप्त करने मे पुलिस को सफ्लता मिल गई है, शेष रकम को यूनाइटेड स्टेट डॉलर के रूप मे पीड़ित को प्राप्त होती है, इस तरह पुलिस को ठगी की सम्पूर्ण रकम रिकवरी मे सफ्लता मिल चुकी है. पीड़ित नवी मुंबई मे एक्साइड इंडस्ट्री मे काम करता है. पारिवारिक काम से पलारी के सिसदेवरी रिस्तेदारी मे आया था, जहाँ उसे व्यक्तिगत कारण से पैसा विथड्रवल के लिए 1234500 रूपये के यूएसडीटी की जरूरत होने से बाइनेंस एप का उपयोग किया, जिससे उसको ट्रेडर का नाम, कांटेक्ट नंबर मिला, बैंक का अकाउंट नंबर भी मिला, जिस पर पीड़ित ने 1234500 जमा करा दिया, लेकिन उसे ज़ब उसके बदले मे कोई करेंसी नहीं मिली तो उसने संबंधित कांटेक्ट नंबर 7389995661 पर व्हाट्सएप मैसेजस से चैटिंग किया तो आरोपी विपुल शुक्ला ने अन्य मोबाइल नंबर 9406410137 से सम्पर्क करने कहा, व पैसे वापस करने से इंकार कर दिया. जिससे क्षुब्ध होकर पीड़ित को पुलिस मे रिपोर्ट दर्ज़ करना पड़ा व अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ. पीड़ित पहले भी ऑनलाइन ट्रेडिंग 6 जून 2024 से 4-5 बार ऑनलाइन एप्प के माध्यम से यूएसडीटी करेंसी ले चूका था, इसीलिए इस बार भी उसने पहले की ही तरह रकम जमा कर दिया. यूएसडीटी करेंसी की बिक्री मे पीड़ित को कुछ पैसे कमीशन के मिलते है, उसी की कामना मे वह ठगी का शिकार हो गया.

भाटापारा सिटी पुलिस आरोपी के मोबाइल के आधार पर उसके अन्य मुख्य आरोपिओ की पतासाजी का प्रयास कर रही है, किसके बोलने पर उसने पीड़ित के साथ इस तरह धोखाधड़ी को अंजाम दिया, पुलिस इस बारे मे भी पतासाजी कर रही है, साइबर सेल की भी हेल्प ली जा रही है. करेंसी लेनदेन को लेकर इस तरह से लाखो रूपये की ठगी को लेकर जिस तरह से ऑनलाइन धोखाधड़ी की जा रही है, इस संबंध ऑनलाइन सिस्टम की कार्यप्रणाली के लिए रिज़र्व बैंक, सेबी की गाइड लाइन का अध्ययन की जा रही है. बहुत जल्द विवेचना के तहत और भी खुलासे पुलिस द्वारा की जायेगी। पीड़ित का नाम चेतन सिंह पटेल पिता सुंदर पटेल 30 साल ग्राम चौकबेडा, भूरकोनी, थाना तेंदुकोना, महासमुन्द है। आरोपी का नाम विपुल शुक्ला पिता अशोक शुक्ला 26 साल राजकिशोर नगर थाना सरकंडा बिलासपुर है जिससे 50000/-नकद के साथ शेष ठगी रकम यूएसडीटी के रूप मे पीड़ित को प्राप्त होती है. अन्य अज्ञात आरोपिओ की पतासाजी तकनीकी माध्यमो से भाटापारा सिटी पुलिस द्वारा अभी जारी है।

## ड्राप आउट बच्चों को स्कूली शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

# विद्यार्थी के सतत शिक्षा के अवरोधों को दूर करने अधिकारी बनेगें मेंटॉर

■ **आरटीई के तहत अब तक 1523 बच्चों ने चयनित विद्यालयों में लिया प्रवेश**

बलौदाबाजार, 11 जुलाई 2024/ कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने अधिनियम के तहत स्कूलों प्रवेश लिए बच्चों के ड्राप आउट की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए ड्राप आउट बच्चे शिक्षा से वंचित न हों इसके लिए स्कूली शिक्षा प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु



भारतीय सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि बच्चे किस कारण से ड्राप आउट हो रहे है उसकी जाँच कर आवश्यकता अनुसार स्कूलों में दाखिला कराएं। यदि पालक मजदूरी के कारण पलायन कर जाते है तो उनके बच्चों को आश्रम - छात्रवास में प्रवेश दिलाएं। उन्होंने कहा कि आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों, उनके पलकों तथा प्राचार्यो की बैठक कराएं जिसमें आरटीई नियमों की जानकारी दी जाए ताकि बच्चे, पालक व प्रचार्यो को पूरी जानकारी हो सके। उन्होंने निजी शालाओ में शिक्षण शुल्क, गणवेश तथा पठन सामग्री की जानकारी लेते हुए निर्धारित शिक्षण शुल्क से अधिक किसी भी निजी स्कूल द्वारा नहीं लेने के निर्देश दिए।उन्होंने शासन के निर्देशानुसार निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के सफल क्रियान्वयन हेतु विद्यार्थियों और पलकों को सतत प्रेरित और सहायता प्रदान करने तथा पालक स्कूल प्रबंधन एवं प्रशासन के मध्य समन्वय कर अवरोधो को दूर करने हेतु जिले के अकादमिक रूचि रखने वाले तथा स्वप्रेरित अधिकारियों को मेंटॉर नियुक्त करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने कहा कि सभी स्कूलों में बच्चों व पालकों की बैठक लेकर सड़क सुरक्षा की जानकारी व अभिव्यक्ति एप्प डाऊनलोड कराएं। जनभागीदारी स्टॉपर बनवाकर स्कूल खुलने व बंद होने के समय सडक के दोनों ओर स्टॉपर लगवाए जाएं। इसके साथ ही सीसी टीवी कैमरे भी लगवाए जाएं।

बताया गया कि सत्र 2024-25 में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2029 के अंतर्गत प्रवेश हेतु जिले के 210 अशासकीय विद्यालयों के 1552 सीटो के लिए 5589 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे से 4006 आवेदन पात्र पाए गए। प्रथम चरण के लॉटरी में 1773 बच्चे चयनित हुए जिनमे से 1523 बच्चों का चयनित स्कूलों में प्रवेश हो चुका है। सत्र 2023 - 24 में करीब 2316 बच्चे ड्राप आउट हुए हैं।


**कार्यालय सिविल सर्जन-सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**जिला चिकित्सालय-बेमेतरा (छ.ग.)**
ई मेल:- csdhbemetara@gmail.com फोन नं 07824-222-150

पत्र क्र./जि.चिकि./निविदा/2024-25/1414 | बेमेतरा, दिनांक 09/07/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला चिकित्सालय बेमेतरा में निविदा विज्ञप्ति वर्ष 2024-25 के लिए (एक वर्ष के लिए) अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा जिला चिकित्सालय बेमेतरा अंतर्गत भोजन व्यवस्था/सफाई व्यवस्था/सुरक्षा व्यवस्था हेतु पृथक-पृथक सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र शर्तें एवं अन्य जानकारी राशि 3000.00 (तीन हजार रुपये) जमा कर कार्यालयीन समय प्रातः 11 बजे से सायं 05 बजे तक कार्यालयीन दिवस (शासकीय अवकाश को छोड़कर) में कार्यालय के कक्ष क्रमांक 36 से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र. | निविदा का विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | | निविदा खोलने की तिथि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिथि | समय | तिथि | समय | तिथि | समय |
| 1 | सुरक्षा व्यवस्था | 08.08.2024 | दोपहर 02 बजे तक | 12.08.2024 | दोपहर 02 बजे तक | 12.08.2024 | शाम 04 बजे |
| 2 | सफाई व्यवस्था | 08.08.2024 | दोपहर 02 बजे तक | 12.08.2024 | दोपहर 02 बजे तक | 13.08.2024 | दोपहर 04 बजे |
| 3 | भोजन व्यवस्था | 08.08.2024 | दोपहर 02 बजे तक | 12.08.2024 | दोपहर 02 बजे तक | 14.08.2024 | दोपहर 04 बजे |

टीपः-
1. निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट http://bemetara.gov.in से भी प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा खोलने की तिथि में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय बेमेतरा छ.ग.

जी-242500980/4

## एक नजर

### मानसी व अन्वेश सीए की परीक्षा में सफल



**रायपुर, 12 जुलाई।** गुढ़ियारी निवासी सुमन कुमार शर्मा की पुत्री मानसी शर्मा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में सफल हुई है। मानसी वर्तमान में एलएलबी अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। मैथिलपारा, पुरानी बस्ती निवासी प्रदीप कुमार मिश्र के कनिष्ठ पुत्र अन्वेश मिश्र ने सीए की परीक्षा में सफलता अर्जित की है। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने उन्हें बधाई दी है।

### शाला प्रवेश उत्सव 13 को

**रायपुर, 12 जुलाई।** लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, गुरुकुल परिसर, कालीबाड़ी रोड, रायपुर में शनिवार 13 जुलाई, को दोपहर 12:00 बजे शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन गुरूकुल प्रेक्षागृह में किया गया है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि टी.पी. शर्मा, प्रमुख लोकायुक्त, छत्तीसगढ़ लोक आयोग होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष तरल मोदी करेंगे।

### 13 को शाम-ए-गजल

**रायपुर, 12 जुलाई।** महफ़िल संस्था द्वारा शनिवार 13 जुलाई, 2024 को शाम 7 बजे से सिविल लाइंस, रायपुर स्थित वृन्दावन सभागृह में शाम-ए-गज़ल का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्रमुख दीपक गुणवंत व्यास के निर्देशन में प्रसिद्ध गज़लों को महफ़िल के कलाकार प्रस्तुत करेंगे। तलत मेहमूद, मेंहदी हसन, गुलाम अली, लता-आशा, जगजीत-चित्रा, हरिहरन, पंकज उधास, तलत अजीज के अलावा बहुत से गायकों की सदाबहार गजलों पर आधारित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गज़लों के प्रति श्रोताओं को आकर्षित करना है। दीपक गुणवंत व्यास के अनुसार हम शाम-ए-गज़ल में लेकर आ रहे हैं ऐसे कलाकार, जो सालों से गा रहे हैं पर अब तक मंच और श्रोताओं से दूर रहकर केवल गज़लों से प्रेम कर गाते रहे हैं, उनकी प्रतिभा को संस्था द्वारा मंच प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में गायक के रुप में अनुराग शुक्ला, आराधना बैद, डॉ. जावेद, डी. लता, वैशाली जोशी, ए श्रीनिवास, डॉ. वी एस अवस्थी, गिरीश चिंचोलकर, मिलिंद शेष, गिरीश काले, सुशील गोल्हानी एवं कावेरी व्यास अपनी मधुर आवाज में कई गजलें प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में गिरीश काले एवं सुशील गोल्हनी तबले पर, गुरजीत किबोर्ड पर आदित्य कश्यप गिटार पर, शिव मिश्रा पैड पर सभी गायकों का साथ देंगे।

### ई-इनवॉइस और ई-वे बिल लॉन्च

**रायपुर, 12 जुलाई।** प्रमुख फ़िनटेक-सास प्लेटफ़ॉर्म कैप्टनबिज़ ने अपने एंड्रॉइड मोबाइल ऐप और वेब ब्राउज़र पर ई-इनवॉइस और ई-वे बिल उत्पन्न करने के लिए अपने व्यापक सूट के लॉन्च की घोषणा की है, जिसमें आईओएस संस्करण भी जल्द ही लॉन्च होगा। यह प्लेटफ़ॉर्म एमएसएमई के व्यापार प्रबंधन को सहज और कुशल बनाने में सहायक है। अनुकूलित इनवॉइसिंग और शिपिंग प्रक्रियाएँ एमएसएमई को अपने संचालन को सुचारू रूप से चलाने, इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने और नियमों का पालन करने की अनुमति देंगी। कैप्टनबिज़ के सीईओ यशराज वकील ने कहा, ई-इनवॉइसिंग सिर्फएक तकनीकी परिवर्तन नहीं है; यह भारत के व्यापार परिदृश्य को पुनः आकार देने वाला एक महत्वपूर्ण विकास है।

### रेट कॉन्ट्रेक्ट निरस्त करने से प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ेगी

**रायपुर, 12 जुलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश सरकार के द्वारा सीएसआईडीसी के माध्यम से हुए रेट कॉन्ट्रेक्ट को निरस्त करने के फैसले का कड़ा प्रतिकार करते हुए कहा कि सरकार के इस फैसले से हजारों उद्योग बंद होंगे, लाखों श्रमिक बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इतने कम दिनों में भाजपा की सरकार ने हम ही सवारेंगे की अपने नारे के विपरीत हम ही बिगाड़ेंगे पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा की सीएसआईडीसी के रेट कांट्रेक्ट निरस्त करने का मतलब स्थानीय लघु एवम् कुटीर उद्योग, प्रदेश की एमएसएमई यूनिट को खत्म करने जैसा हों सकता है। व्यापारियों की कथित सरकार ने एक बार व्यापारी वर्ग को भी विश्वास में लेना उचित नही समझा। सरकार को निर्णय तो ऐसे होने चाहिए जिनसे स्थानीय व्यापार/ उद्योग ज़िंदा रह सकें... सरकार के इस निर्णय से हजारों की संख्या में छोटे-छोटे उद्योग तबाह होंगे और उसमें काम करने वाले लाखों श्रमिक बेरोजगार हो जाएंगे। उल्लेखनीय है की प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही जेम पोर्टल से खरीदी बंद कर स्थानीय उद्योगों, कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने सीएसआईडीसी में रेट कॉन्ट्रेक्ट के माध्यम से खरीदी प्रारंभ की थी जिसके कारण कोरोना काल में भी हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था चमकती रही। प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा की सरकार के इस फैसले को वापस लेने की मांग को लेकर कल उद्योग मंत्री से मुलाकात की जाएगी। सरकार अपने फैसले पर पुनर्विचार नही करेगी तो व्यापार उद्योग जगत के लोगों के साथ हर स्तर पर विरोध करेंगे, इसके संबंध में कानूनी सलाह भी लेंगे।

# वार्ड परिसीमन का मामला राज्य सरकार के पाले में

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 12 जुलाई।** नगरीय प्रशासन के निर्देश पर वार्डों के परिसीमन में कोई विशेष बदलाव नहीं किया जा रहा है। कोई नया वार्ड नहीं बनाया जाएगा। अब परिसीमन का मामला शासन के पाले में आ गया है।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य में नगर निगम, पालिका तथा नगर पंचायत के चुनाव की घोषणा शीघ्र कर दी जाएगी। इसके पूर्व वार्डों का परिसीमन किया जा रहा है। रायपुर में करीब 70 वार्ड हैं जिसमें मतदाताओं की संख्या को लेकर विवाद की स्थिति है। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि इसमें समानता के आधार पर वार्डों का परिसीमन किया गया है। इसके चलते कोई नया वार्ड नहीं बनाया गया है। नगर निगम एक्ट के तहत 70 से अधिक वार्ड बनाने पर महानगर पालिका बनाना होगा। इसके लिए नियम में संशोधन करना होगा। निगम अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2011 का डाटा उपलब्ध है, इसके आधार पर ही वार्डों का परिसीमन किया गया है। रायपुर में एडीएम को यह प्रस्ताव भेज दिया गया है। वे शासन द्वारा नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।



■ नोडल अधिकारियों के पास निगम के प्रस्ताव भेजे गए
■ नगर पंचायतों एवं पालिकाओं के परिसीमन को देखेंगे एसडीएम

राज्य में 13 नगर निगम हैं। इसमें जिले के एसडीएम, एडीएम स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जबकि नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में राजस्व निरीक्षक को वार्ड परिसीमन का प्रभार दिया गया है। निर्धारित तिथि के अनुसार नगर निगम एवं पंचायतों में वार्ड परिसीमन का प्रस्ताव एसडीएम को भेज दिया गया है। राजस्व विभाग में कार्य करने वाले विभागीय अधिकारी इस पर फैसला लेंगे। निर्वाचन जनप्रतिनिधि परिसीमन का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे वार्ड के मतदाताओं को शासकीय दस्तावेजों में परिवर्तन कराना पड़ता है। रायपुर के कई वार्डों में मतदाताओं की संख्या 12 हजार है तो कुछ में यह संख्या 20 हजार पहुंच गई है। राजधानी के आसपास के गांवों को भी नगर निगम सीमा में जोड़ दिया गया है। इसके कारण कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में मतदाताओं की संख्या 22 हजार तक पहुंच गई है। खूबचंद बघेल वार्ड में चंगोराभाठा की सीमा को लेकर भी विवाद है। जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत आने वाले कालेज वार्ड और ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में मंगल बाजार तथा ईदगाह भाठा, स्वामी आत्मानंद वार्ड में उछला तालाब, महाराष्ट्र मंडल को जोड़ने का विवाद चल रहा है। चूड़ामणि वार्ड के पार्षद ने भी इस पर आपत्ति जताई है। फिलहाल वार्ड परिसीमन का मामला सरकार के पाले में है।

# मंत्रिमंडल के साथ साय रामलला का दर्शन करने जाएंगे अयोध्या

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 12 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने मंत्रिमण्डल के सहयोगियों के साथ रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या जाएंगे। मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा विशेष विमान की व्यवस्था की है।

मुख्यमंत्री सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्री व विधायक रामलला के दर्शन के लिए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कई मंत्री व्यक्तिगत रूप से दर्शन कर आ चुके हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय के अनुसार सीएम व मंत्रियों का अयोध्या जाने का कार्यक्रम बन रहा है लेकिन अभी तिथि तय नहीं की गई है लेकिन विधानसभा सत्र के पहले इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ अधिकारी अयोध्या जिला प्रशासन के संपर्क में हैं। मंत्रियों के ठहरने एवं अन्य स्थानों पर जाने के लिए वाहनों की विशेष व्यवस्था की जा रही है। अयोध्या में नया एयरपोर्ट बनाया गया है। इसके कारण अब यहां नियमित रूप से कई राष्ट्रीय एवं निजी विमान आ-जा रहे हैं। रामलाला के दर्शन के साथ ही हनुमानगढ़ी, जनक महल, दशरथ महल एवं सरयू नदी का दर्शन करेंगे। अधिकारियों के अनुसार इस कार्यक्रम को शीघ्र ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा।



### बस्तर दौरा रद्द

मुख्यमंत्री का बस्तर दौरा रद्द कर दिया गया है। इसकी कोई वजह नहीं बताई गई है। आज मुख्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। वित्त आयोग की अध्यक्ष एवं सदस्यों से भी मुलाकात के बाद उन्होंने अपने सहयोगियों एवं अधिकारियों से चर्चा की है।

### मंत्रिमण्डल विस्तार पर लगा विराम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमण्डल विस्तार पर अब विराम लग गया है। आए दिन मंत्रिमण्डल के विस्तार को लेकर जो चर्चा चल रही थी अब वह समाप्त होते जा रही है। संसदीय मंत्री का कार्यभार केदार कश्यप को दे दिया गया है।

### 14 को मुख्यमंत्री जाएंगे दुलदुला

पत्थलगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम दुलदुला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भाग लेंगे। यहां पर स्थानीय स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को देखते हुए वे अपने गृह जिले का लगातार दौरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस बात के संकेत दिए हैं कि नगरीय एवं पंचायत चुनाव के बाद ही मंडल एवं आयोग में नियुक्तियां की जाएगी।

## जनता महंगाई में लगाम की उम्मीद लगाए बैठी है : ट्रस्ट



रायपुर, 12 जुलाई। मोदी के दस वर्षों के कार्यकाल की तरह ही तीसरे कार्यकाल के आरम्भ से ही दैनिक उपयोग की वस्तुओं में बेतहाशा मूल्यवृद्धि ने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है। आमदनी, नौकरी ज्यों की त्यों और केवल एक वर्ष में रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि महंगाई ने आमआदमी के जीवन स्तर को कमतर कर दिया है, ट्रस्ट ने बाज़ार का व नौकरीपेशा लोगों, मजदूरों, मध्यमवर्गीय परिवारों में सर्वे कर पाया कि जीवनयापन बहुत मुश्किल दौर से गुजर रहा है। आज छोटे से परिवार व कमजोर आमदनी के साथ बच्चों के लालन पालन में बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, सब्जियों व रोजमर्रा की सामग्री के साथ शिक्षा में उपयोगी स्टेशनरी के दामों में 25 प्रतिशत की महंगाई आई है। कोचर व चोपड़ा ने कहा कि आमजनों के लिए दवाइयों के दामों का बोझ कमर तोड़ रहा है। राजनैतिक दलों द्वारा दवा निर्माताओं से चंदा लेकर उन्हें मुल्य वृद्धि की छूट दी जा रही है वर्षभर में रोज लेने वाली दवाओं के मूल्यों में 25 से 50 प्रतिशत तक की अनियंत्रित वृद्धि हुई है।

# सरकार धान बीज की उपलब्धता के लिये गंभीर नहीं: बैज

**रायपुर, 12 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि खरीफका सीजन आ चुका है, किसान बोने की तैयारी करके मानसून का इंतजार कर रहा है, लेकिन किसान विरोधी साय सरकार छत्तीसगढ़ के 80 प्रतिशत सोसायटीयों में खाद और बीज आवश्यक मात्रा में अब तक नही पहुंचा पाई है। किसान खाद बीज के लिये सोसायटियों के चक्कर काटने को मजबूर है। सरकार की तरफसे खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये अभी तक कोई ठोस प्रयास शुरू नहीं किया गया है। किसानों के लिये उर्वरक की उपयोगिता उसके समय पर मिलने पर ही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की अकर्मण्यता और संवेदनहीनता के चलते छत्तीसगढ़ के किसान खाद और बीच के लिए भटक रहे हैं। खरीफसीजन 2024-25 के लिए जो खाद और बीज डबल लॉक के गोदामों में रखे गए हैं, वहां से सिंगल लॉक की सोसाइटियों तक पहुंचाने के लिए परिवहन की व्यवस्था नहीं है। छत्तीसगढ़ के लगभग 80 प्रतिशत सोसाइटीयों में खाद और बीज के पर्याप्त स्टॉक नहीं है। अनेकों स्थानों पर पूर्व के परिवहन ठेकेदारों से किए गए निविदा को खत्म कर दिया गया है, लेकिन भारी भरकम कमिशन मांगे जाने के चलते नए परिवहनकर्ता रूचि नहीं दिखा रहे हैं, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अभी खरीफ सीजन की शुरूआत ठीक से हुआ नहीं है। पूरे राज्य में अमानक खाद बीज का भंडारण शुरू हो गया है। विगत दिनों बस्तर के पखांजूर में नकली खाद से भरा ट्रक पकड़ा गया, सूचना के मुताबिक नकली खाद राजस्थान से मंगाया गया था, किसानों का आरोप है कि भाजपा शासित प्रदेशों से नकली खाद छत्तीसगढ में खपाए जा रहे हैं। हाल ही में बेमेतरा जिले के नवागढ़ तहसील के सरकारी सोसायटी में अमानक नैनो यूरिया का मामला सामने आया था। भाजपा की सरकार में छत्तीसगढ़ नकली खाद, अमानक बीज, नकली दवा, घटिया कीटनाशक और एक्सपायरी नैनो यूरिया खपाने का अड्डा बन गया है। कमीशनखोरी के लालच में भाजपाई किसान विरोधी षड़यंत्र रच रहे हैं। विगत दिनों ग्राम मुरता सेवा सहकारी समिति, तहसील नवागढ़, जिला बेमेतरा में किसानों को इफ्को कंपनी के द्वारा निर्मित एक्सपायरी नैनो लिक्विड खाद बेचने का मामला सामने आया था और अब बस्तर में राजस्थान से आयातित नकली खाद प्रकरण साय सरकार के किसान विरोधी षडयंत्र का उदाहरण है। आखिर वैधता खत्म हो चुके खाद का भंडारण प्राथमिक सहकारी समितियों के गोदामों में क्यों किया गया? किसके दबाव में एक्सपायरी नैनो यूरिया लिक्विड खाद किसानों को बेचा जा रहा है? ट्रकों ट्रक नकली खाद भाजपा शासित राज्यों से किसके संरक्षण में छत्तीसगढ़ पहुंच रहा है?

## अध्यक्ष के रूप में बैज ने पूर्ण किया एक वर्ष, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



रायपुर, 12 जुलाई। आज से ठीक 1 वर्ष पहले दीपक बैज को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, तब से लेकर अब तक दीपक बैज विभिन्न मुद्दों को उठाते रहे हैं, 1 वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस भवन में दीपक बैज को बधाई देने का सिलसिला चलता रहा। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, वंदना राजपूत समेत ढेरों कांग्रेसियों ने उन्हें बधाई दी। दीपक बैज ने इस मौके पर कहा की वे पार्टी द्वारा सौंपी गई प्रत्येक जिम्मेदारियां का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे, बीते 1 वर्ष में उन्हें समस्त कांग्रेसजनों का स्नेह और सहयोग भरपूर मिला।

# होटल पूनम में पुलिस का छापा, 12 जुआरी गिरफ्तार



**रायपुर, 12 जुलाई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को जुआ/सट्टा खेलने एवं खिलाने वालों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है।

इसी तारतम्य में दिनांक 11.07.2024 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत सिंधी बाजार गली नंबर 01 स्थित पूनम होटल के एक कमरे में कुछ व्यक्ति ताशपत्ती से रूपयों का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी मौदहापारा के नेतृत्व में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मौदहापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त होटल के कमरा नंबर 201 में जाकर रेड कार्यवाही कर जुआ खेलते 12 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 4, 20, 000/-रू. एवं ताशपत्ती जप्त कर जुआरियों के विरूद्ध थाना मौदहापारा में अपराध क्रमांक 201/24 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 4, 5 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में निरीक्षक यामन कुमार देवांगन थाना प्रभारी मौदहापारा, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से प्रभारी निरीक्षक परेश पाण्डेय, ए.सी.सी.यू. से प्र.आर. रविकांत पाण्डेय, मोह. सुल्तान, आर. घनश्याम साहू, आलम बेग, अभिषेक तोमर, बोधेन्द्र मिश्रा तथा थाना मौदहापारा से सउनि. मलुकचंद महतो, मीलूराम साहू, आर. पवन वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा एवं कमलकांत कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिंका रहीं।

## कर, ब्याज और दंड बकाया निपटान नियम को सरल बनाने की मांग



**रायपुर, 12 जुलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने नीलिमा तिग्गा अतिरिक्त आयुक्त, वाणिज्यिक कर, छत्तीसगढ़ शासन से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ कर, ब्याज और दंड बकाया निपटान नियम, 2023 के प्रावधानों को सरल बनाने के लिए सुझाव दिये। इस अवसर पर वाणिज्यक कर विभाग के अधिकारीगण सुनील चैधरी संयुक्त आयुक्त, सी आर महलांगे संयुक्त आयुक्त, अजय देवांगन संयुक्त आयुक्त और दुर्गेश पांडे उप आयुक्त प्रमुख रूप से उपस्थित थे। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी ने पत्र के माध्यम से बताया कि आज वाणिज्यक कर आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ कर, ब्याज और दंड बकाया निपटान नियम, 2023 के प्रावधानों को सरल बनाने के लिए सुझाव दिये।

# रोटरी ने मनाया शाला प्रवेश उत्सव



**रायपुर, 12 जुलाई।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर के द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय बुढापारा के 60 नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर पाठ्य सामग्री वितरीत की गई। रोटरी अध्यक्ष नामो चन्द मोरयानी ने इस अवसर पर बच्चों को रोटरी क्लब के उद्देशयों और सेवाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन चंपालाल साहू ने छात्र छात्राओं से अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन में अच्छी पढ़ाई करने व गुरुओं का आदर करने के लिए प्रोत्साहित किया। सिटी को ऑर्डिनेटर रायपुर प्रदीप गोविंद शितूत ने इस अवसर पर छात्र छात्राओं को उनके सुखद और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अंत में क्लब के द्वारा सभी को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया।

# भारत स्काउट गाइड्स ने किया पौधारोपण

**रायपुर, 12 जुलाई।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देश के अनुरूप पूरे प्रदेश भर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया इसी परिपेक्ष में भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ रायपुर के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुंडा रायपुर में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजन कर पौधों का रोपण किया गया एवं संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ भी ली गई वृक्षारोपण। कार्यक्रम की थीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम पर रखा गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्काउट गाइड्स ने पौधे का रोपण किया। जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल ने कहां है कि रायपुर जिले के प्रत्येक स्कूलों में स्काउट गाइड के माध्यम से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम पूरे विद्यालय स्तर पर वृहद रूप से किए जायेंगे ताकि बच्चों को उद्देश्य और संरक्षण सहित जलवायु परिवर्तन, भीषण गर्मी से बचने वृक्षारोपण कर संरक्षण करने संबंधी जानकारी हो।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधेश कुमार द्विवेदी ह्लक्रस् सीनियर डिवीज़न मैनेजर रेलवे रायपुर, अतिथि डॉ सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्कोउट्स एवं गाइड्स छ ग, स्वामी जिला अध्यक्ष, डॉ सुरेश शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त, डॉ विजय खंडेलवाल जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर, अजय तिवारी जिला उपाध्यक्ष गायत्री सिंह, मृत्युंजय शुक्ला जिला पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर, प्राचार्य फ्रांसिस किस्पोट्टा, विष्णु साहू शाला प्रतिनिधि सचिव, जिला संगठन आयुक्त बालक दास राउत, विकास खंड सचिव धरसींवा मुकेश बोरकर, आरती राजपूत, प्रिया चौरसिया, पल्लवी शर्मा, नीलू शर्मा, कपिल शर्मा, नमन साहू, सहित 42 विद्यालयों से स्कोउट्स, गाइड्स एवं उनके प्रभारी उपस्थित रहे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26